दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 21 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 242 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पारित धोखेबाजी और लत पर अंकुश लगाने का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया। इसका मकसद इन गेम्स की लत, धन शोधन और वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025, ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या स्थानांतरित करने से रोकता है। सदन में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ऑनलाइन मनी गेम वह गेम है जिसे यूजर पैसा और अन्य फायदे जीतने की उम्मीद में पैसा जमा करके खेलता है। यह विधेयक सभी ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ (सट्टा और जुआ) गतिविधियों को गैरकानूनी घोषित करता है। ऑनलाइन फैंटेसी खेलों से लेकर ऑनलाइन जुआ (जैसे पोकर, रम्मी और अन्य कार्ड गेम) और ऑनलाइन लॉटरी तक इस बिल के कानून बनने के बाद अवैध हो जाएंगे। संसद के दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है।

# गाजियाबाद में तलाशी जा रही है 5000 कुत्तों के लिए श्वान केंद्र की जमीन

## नगर निगम क्षेत्र के किसी गांव में मिल सकता है स्थान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले को लेकर एक बड़ा फैसला दिया था। उस फैसले के बाद उनको शेल्टर होम में रखने का भी निर्देश दिया गया। जिसको ध्यान में रखते हुए इन दिनों गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी और प्रमुख लोग बड़ा स्थान चिन्हित करने में जुटे हुए हैं। नगर निगम गाजियाबाद द्वारा लगभग 5000 आवारा कुत्तों को शेल्टर होम के रूप में तब्दील करने के लिए स्थान खोजा जा रहा है। नगर निगम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र को नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसी गांव की जमीन पर डेवलप किया जा सकता है। जहां 5000 से अधिक आवारा कुत्तों को एक साथ रखने, उनके खाने, रहने और चिकित्सक की सुविधाओं से लैस करने का काम किया जाएगा।



### 5000 कुत्तों को रखना रहेगा बड़ा टास्क

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा स्वान केंद्र के लिए जगह तलाश की जा रही है। जहां 5000 कुत्तों को एक साथ रखा जा सके, इनको एक साथ रखने के दौरान नगर निगम को कई महत्वपूर्ण बातों का ध्यान भी रखना होगा। जैसे इनके खाने-पीने की व्यवस्था, पानी, साफ सफाई, उपचार एवं ऐसा माहौल ताकि यह सभी आपस में झगड़ा ना और उनकी मृत्यु एवं हानी ना हो। इसके लिए बड़ा स्थान तलाशा जा रहा है। साथ ही ऐसा स्थान निगम के अधिकारियों की प्रमुखता में रहेगा, जो किसी आबादी वाले क्षेत्र के निकट ना हो। साथ ही वहां से आसपास के लोगों पर कोई असर न पड़े, इसके लिए नगर निगम के अधिकारी इन दिनों बड़ी जमीन तलाश के लिए जुटे हुए बताए जा रहे हैं।

# अब ट्रैफिक संभालने के साथ जीवन रक्षा भी करेंगे पुलिसकर्मी

## ट्रैफिक पुलिस के 45 कर्मियों को दिया गया सड़क दुर्घटना में गोल्डेन आवर का प्रशिक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क दुर्घटना में जीवन रक्षा करने के लिए अब ट्रैफिक पुलिस के कर्मी गोल्डन आवर में सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों की मदद करेंगे। इसके लिए बुधवार को सेव लाइफ फाउंडेशन की विशेषज्ञ टीम ने जीवन रक्षक कार्यक्रम के तहत परमजीत हाल पुलिस लाइन में प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम-द्वितीय सहित 45 यातायात पुलिस निरीक्षक और उप निरीक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। फाउंडेशन के प्रमुख पीयूष तिवारी और उनकी विशेषज्ञों के द्वारा दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर्त प्रथम घंटे में महत्व के विस्तार और किस तरीके से सीपीआर



प्रदान किया जाता है, इसको विस्तार से बताया गया है। उधर यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि सड़क दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है। सड़क दुर्घटना होने पर मृत्यु दर में कमी लाने और घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत संस्था और चिकित्सकों कहना है कि अधिकांश लोगों की मृत्यु प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण होती है, इसीलिए इन पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी जा रही है। टीम द्वारा प्रतिभागियों को सीपीआर की सही विधि का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। साथ ही दुर्घटना के समय अंग-भंग होने की दशा में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया शुरू करने से पहले स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करना अति आवश्यक है।

# आईपीएस बनने पर आनंद कुमार को पुलिस कमिश्नर ने लगाए रैंक प्रतीक चिह्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के 20 पीपीएस अधिकारियों का आईपीएस के तौर पर प्रमोशन हुआ था। पदोन्नति होने के बाद उत्तर प्रदेश के डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह द्वारा आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट जारी की गई है।

इसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नियुक्त एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार का प्रमोशन हो गया है। बुधवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड और पुलिस मुख्यालय धवल जायसवाल द्वारा आनंद कुमार को रैंक प्रतीक चिन्ह लगाकर प्रमोशन की हार्दिक बधाई दी गई है।

साथ ही उनके अधीनस्थों ने भी आनंद कुमार का आईपीएस पर प्रमोशन होने पर शुभकामना दी। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आनंद कुमार लंबे समय से एडीसीपी प्रोटोकॉल के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# कमिश्नरेट में अब तीनों जोन में किसी भी क्राइम सीन पर पहुंचेगी फॉरेंसिक वैन

## आधुनिक किट के साथ एक्सपर्ट्स और वैज्ञानिक तरीके से होगी जांच

## अपराधियों पर भी नकेल कसने में होगी आसानी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अब किसी भी घटना और अपराध घटित होने पर मौके पर आधुनिक फॉरेंसिक वैन जो मोबाइल फॉरेंसिक के रूप में काम करेगी, वह पहुंचेगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को नवीन मोबाइल फॉरेंसिक वैन फील्ड यूनिट को दे दी गई हैं। अब कमिश्नरेट के नगर, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन में यह है फोरेंसिक सपोर्ट के रूप में काम करेगी। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 75 जिलों में 75 फॉरेंसिक वैन मोबाइल प्रदान की हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया है कि इन वैनों से अपराध स्थल पर फॉरेंसिक विशेषज्ञ को पहुंचने में सुविधा होगी। विशेष रूप से दूर दराज और संसाधन रहीत इलाकों में भी प्रारंभिक जांच वैन के साथ होगी। यह थर्मो नियंत्रण संरक्षण और मानव व पशु रक्त की पहचान जैसे महत्वपूर्ण कार्य अब आसानी से होंगे।

### अपराधियों पर कार्रवाई में भी मिलेगी मदद

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि हर जिले में फॉरेंसिक वैन होने से जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी। साथ सुरक्षित रहेंगे ,फोरेंसिक विशेषज्ञ समय पर घटनास्थल पर पहुंच सकेंगे। ऐसे उपकरणों की उपस्थिति से गंभीर अपराधों की जांच में वैज्ञानिक पद्धति के बेहतर उपयोग संभव हो पाएंगे। इस पहल से पुलिस की तकनीकी तैयारी में वृद्धि होगी। इस वैन में कई महत्वपूर्ण सामान भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें वैज्ञानिक साक्ष्य के लिए पैकिंग, लेबरिंग, फॉरवर्डिंग के साथ रक्त सीमेन, ड्रग्स आदि की प्रारंभिक जांच मौके पर हो जाएगी। तो फॉरेंसिक वैन में साक्ष्य को सुरक्षित रखने के लिए छोटा फ्रीजर और साक्ष्य संकलन के लिए रिकॉर्डिंग लैपटॉप, वीडियो कैमरा और हार्ड डिस्क भी उपलब्ध हैं।

### क्राइम सीन और संदिग्ध मामलों की जांच में भी मिलेगी मदद

करंट क्राइम : मोबाइल फॉरेंसिक वैन गाजियाबाद पुलिस के तीनों जोन में काम करेंगी। इसका लाभ पुलिस को क्राइम सीन और किसी भी संदिग्ध मौत जैसे मामलों में भी आसानी से मौके पर मिलेगा। तो वहीं नारकोटिक्स ड्रग जैसे मामलों की जांच भी तेज गति से सुनिश्चित होगी।

# आपत्तिजनक भाषण पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव को भेजा जेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आखिरकार लिंक रोड थाना पुलिस ने मंडी समिति की पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के मामले में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्तमान में प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनपर शांति व्यवस्था भंग करने की धाराओं के आधार पर कार्रवाई की है।

अभी कुछ दिन पहले साहिबाबाद मंडी में गोली चली और भड़काऊ भाषण देने के मामले को लेकर उनपर यह कार्रवाई की गई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने जानकारी दी है कि कांग्रेस नेता को मंगलवार को लिंक रोड पुलिस ने गिरफ्तार किया था, उनको एसीपी कोर्ट भेजा गया, जहां से डासना जेल गए हैं।

### बिजेंद्र यादव पर है भड़काऊ शब्दों के इस्तेमाल का आरोप



करंट क्राइम : 11 अगस्त को दो पक्षों में दुकान लगाने को लेकर विवाद सुलझाने के लिए मंडी के सदस्यों के साथ बैठक बुलाई गई थी। इस दौरान कांग्रेस नेता बिजेंद्र यादव ने अपने भाषण में भड़काऊ शब्दों का इस्तेमाल किया था। साथ ही उनकी भाषा और मंडी समिति की पत्नी को लेकर अशोभनीय टिप्पणी भी की गई थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद मंडी में विवाद हुआ था। इसमें कई राउंड फायरिंग हुई थी और अफरा तफरी का माहौल हो गया था। इस दौरान सचिन नाम का एक पल्लेदार गोली लगने से घायल हुआ था। इस मामले में मंडी समिति सचिव की पत्नी ने डीजीपी उत्तर प्रदेश को लिखित शिकायत दी थी, जिसके आधार पर लिंक रोड पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और इस मुकदमे की कार्रवाई के तहत बिजेंद्र यादव पर यह एक्शन लिया गया है।

# सरकार कर रही बदले की भावना से काम: सतीश शर्मा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद सब्जी मंडी प्रकरण के बाद पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश सचिव बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। बिजेंद्र यादव कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहें हैं, महानगर अध्यक्ष रहे है। वो मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। पुराने कांग्रेसी हैं और साहिबाबाद में उनकी आड़त है। उनके भाई ज्ञानचंद आड़त एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। पुलिस ने बिजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बिजेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कांग्रेस कानूनी लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि सबसे पहले कांग्रेस के नेता आपस में बैठकर इस पूरे मुद्दे पर रणनीति तैयार करेंगे और उसके बाद हम अपने नेता के लिये लड़ाई का ऐलान करेंगे।



# सांसद अतुल गर्ग के बयान पर समाजवादी पलटवार

## अभिषेक गर्ग बोले- सांसद जी सास भी कभी बहू थी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और समय के साथ शब्द बदल जाते हैं। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का अपना एक चुटीला अंदाज है, वो हास्य परिहास में अपने विपक्षियों पर हमला बोलते हैं। लोकसभा सत्र में विपक्ष के प्रदर्शन को लेकर सांसद अतुल गर्ग ने कहा था कि विपक्ष जानबूझकर सदन को नहीं चलने दे रहा है। हम जैसे सांसद अपने क्षेत्र की जनता की आवाज हैं। हम जनता का पक्ष नहीं रख पा रहे हैं और यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने विपक्ष को एक ऐसी सास की संज्ञा दी थी जो बहू में कमी निकालती है। उन्होंने कहा था कि विपक्ष ऐसी सास की तरह है कि बहू कितनी कैसी भी हो, लेकिन उसे कमी निकालनी ही निकालनी है। जिस शहर से अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं उसी लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग भी रहते हैं।






अभिषेक गर्ग भी उन युवा शिक्षित समाजवादी नेताओं में हैं जो हमेशा विपक्ष वाली भूमिका निभाते हैं और जब भी ऐसा मौका आता है तो अभिषेक गर्ग के तरकश से भी तीर बाहर आते हैं। ये उनकी खूबी है कि वो शब्दों की मयार्दा जानते हैं। लहजे की शालीनता जानते हैं और कभी भी विपक्ष के नेता के रूप में वो कोई मौका नहीं चूकते। जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सास और बहू वाला उदाहरण दिया तो समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने भी मोर्चा खोला। अभिषेक गर्ग ने भी अपने शब्दों के पंच से यहां एंट्री ली। अभिषेक गर्ग ने कहा कि हम अपने सांसद अतुल गर्ग से कहना चाहते हैं कि जिस बहू की वो बात कर रहे हैं उन्हें ये याद रखना चाहिए कि सास भी कभी बहू थी। उन्होंने कहा कि सास और बहू का उदाहरण देने वाले अतुल गर्ग इस बात को बखूबी जानते होंगे कि जब सास और बहू की बात चलेगी तो ये मामला तो उन्हीं की पार्टी की एक वरिष्ठ नेता पर सिद्ध होता है।

अभिषेक गर्ग ने कहा कि विपक्ष अगर मुद्दे नहीं उठाएगा तो कौन उठाएगा और लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। इसी अधिकार के तहत लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी विपक्ष को सास और भाजपा को बहू बता रहे हैं।

# कठुआ में बादल फटने से सैंकड़ों आशियाने तबाह, सड़क ध्वस्त

## सार्वजनिक संपत्ति को मिलाकर लगभग 100 करोड़ का नुकसान






**कठुआ।** कठुआ में बादल फटने से जिले में बिजली, पानी और सड़क संपर्क के अलावा सार्वजनिक संपत्ति को मिलाकर लगभग 100 करोड़ का नुकसान हुआ है। हजारों घरों को आंशिक नुकसान हुआ तो वहीं सैंकड़ों आशियाने पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। नुकसान का आकलन फिलहाल जारी है। प्रशासन ने जिले में चार राहत शिविर सक्रिय कर दिए हैं। इसमें करीब 300 लोग मंगलवार शाम तक शरण ले चुके हैं। अपना घर छोड़कर यह लोग अब सरकारी मदद के सहारे हैं। जिला प्रशासन कठुआ ने भेड़ बलोर में दो राहत शिविर सक्रिय किए हैं। इनमें पंचायत घर में 25 और हाई स्कूल में शाम तक लगभग 30 लोग शरण ले चुके थे। सिडको औद्योगिक क्षेत्र में 150 लोगों व पंचायत घर में करीब 50 के लोगों ने शरण ली है। प्रशासन ने यहां लोगों ने रहने खाने के अलावा बिजली और पानी की भी व्यवस्था कर दी है।

बादल फटने से जिले में सरकारी संपत्ति का 100 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। लोक निर्माण विभाग की 169 सड़कों को नुकसान पहुंचा है। 568 किलोमीटर तक सड़कों का नेटवर्क जिले में आपदा से प्रभावित हुआ है। इसमें से वर्तमान में 60 सड़कें बंद हैं, 40 बहाल कर दी गई हैं और बाकियों में काम चल रहा है। विभाग के कार्यकारी अभियंता अरविंद लंगेह ने बताया कि 30 से 40 करोड़ का नुकसान सड़क नेटवर्क में हुआ है। बाढ़ में कई पुल और सड़कें भी बह गई हैं। जलशक्ति विभाग का भी बागड़ा, दिलवां, बड़ा नाल, डिंगा अंब कटली में भारी नुकसान हुआ है।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर जानलेवा हमला, सिर पर चोट




**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमले की घटना ने देश की राजधानी को सन्न कर दिया। पुलिस आरोपी के मकसद का पता लगाने में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी का कोई भी जानकार जेल में नहीं है। न ही वो कोई एप्लीकेशन लेकर गया था। इतना ही नहीं आरोपी के डॉग लवर होने की कहानी से भी पुलिस के सूत्र इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि सभी जांच एजेंसियां अब यही पता लगाने में जुट गई हैं कि आरोपी का आखिरकार मकसद क्या था?

**पहली बार दिल्ली आया आरोपी :** क्ड और स्पेशल सेल की टीम गुजरात के रहने वाले आरोपी राजेश भाई खिमजी से पूछताछ कर रही है। पुलिस आरोपी राजेश की 5 से 7 दिन की रिमांड मांगेगी। कल सुबह ही राजेश ट्रेन के जरिए राजकोट से दिल्ली आया था। वो सिविल लाइंस के गुजरात भवन में रुका। फोन पर राजेश गुजरात में अपने दोस्त से बात कर रहा था कि वो शालीमार बाग स्तिथ सीएम हाउस पहुंच गया है। आरोपी पहली बार दिल्ली आया है।

आरोपी राजेश खिमजी की मां भानुबेन ने कहा, मेरे बेटे ने कुत्तों के प्रति अपने प्रेम के चलते ऐसा किया। मैं मुख्यमंत्री से अपील करती हूं कि हम गरीब लोग हैं, मेरे बेटे को माफ कर दिया जाए। वह महादेव का भक्त है। वह घर से उज्जैन जाने की बात कहकर निकला था। वह महीने में कम से कम एक बार वहां जाता है। मुझे नहीं पता कि वह उज्जैन से दिल्ली कब गया था। कल उसके पिता ने उसे फोन करके पूछा कि वह कब वापस आ रहा है। उसने अपने पिता को बताया कि वह कुत्तों के सिलसिले में दिल्ली में है। यह कहकर उसने फोन रख दिया। सोशल मीडिया पर दिल्ली में कुत्तों को ले जाते हुए एक वीडियो देखकर वह भड़क गया था। उन वीडियो को देखने के बाद उसने खाना नहीं खाया। वह रिक्शा चलाता है, उसकी पत्नी और एक बेटा है।

**जन सुनवाई के दौरान हमला :** बुधवार (20 अगस्त) की सुबह सीएम रेखा गुप्ता के कैंप कार्यालय में ह्यजन सुनवाई के दौरान उन पर हमला किया गया। सीएम पर हमले की घटना की आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने निंदा की। साथ ही राजधानी में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पुलिस पर सवाल उठाए।

### सीएम पर हुआ हमला बेहद निंदनीय- आतिशी



आप नेता आतिशी ने भी मुख्यमंत्री पर हमले की घटना की निंदा करते हुए इसी तरह के विचार व्यक्त किए। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध की जगह होती है, लेकिन हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिल्ली पुलिस दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

**हिंसा के लिए कोई जगह नहीं–केजरीवाल :** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतभेद और विरोध स्वीकार्य हैं, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे विश्वास है कि दिल्ली पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।

# स्कूल में खौफनाक चाकूबाजी!

## 8वीं के छात्र ने की 10वीं के छात्र की हत्या

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में छात्र की मौत के बाद जबरदस्त हंगामा हुआ है। गुस्साई भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की और सड़क जाम कर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और भीड़ के बीच जमकर नोकझोंक हुई। बताया जा रहा है मंगलवार को मणिनगर पूर्व के सेवंथ डे एडवांटीज चर्च स्कूल में 8वीं के छात्र ने बहस के बाद 10वीं के छात्र को चाकू मार दिया था। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई जिसके बाद परिजनों और सिंधी समाज के लोगों ने जमकर बवाल काटा।

**प्रिंसिपल और अन्य कर्मचारियों पर भी हमला :** छात्र की मौत के बाद, सिंधी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में स्कूल में जमा हो गए और हंगामा मचा दिया। भीड़ परिसर में घुस गई और जो भी मिला उस पर हमला कर दिया। उन्होंने पास में खड़ी स्कूल बसों, कारों और दोपहिया वाहनों में तोड़फोड़ की। एक बार तो उन्होंने एक कर्मचारी का कॉलर पकड़कर उसे ऊपर खींच लिया, जबकि प्रिंसिपल और अन्य कर्मचारियों को भी पीटा गया। स्कूल के दरवाजे और खिड़कियां तोड़ दी गईं व संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया गया। स्थिति बेकाबू होते देख तुरंत मौके पर पुलिस तैनात कर दी गई।



### स्कूल के बाहर जमा हुए 2000 से ज्यादा लोग



पुलिस के सामने भी भीड़ कर्मचारियों की पिटाई करती रही। स्थिति इतनी हिंसक हो गई कि जब पुलिस ने कर्मचारियों को बचाने की कोशिश की, तो भीड़ उन्हें पीटती रही और एक पुलिस वाहन को पलटने की भी कोशिश की। बाद में, भीड़ ने स्कूल के बाहर सड़क जाम कर दिया।

मणिनगर के स्थानीय विधायक, डीसीपी बलदेव देसाई और एसीपी स्थिति को संभालने के लिए स्कूल पहुंचे। बजरंग दल, विहिप और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य भी भगवा गमछा बांधकर 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए पहुंचे। स्कूल के बाहर 2,000 से ज्यादा लोग पुलिस के खिलाफ नारे लगाते हुए जमा हो गए थे। आखिरकार पुलिस को स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस के सामने भी स्टाफ को पीटते रहे लोगों में इतना गुस्सा था कि जब पुलिस कर्मचारियों को बचा रही थी, तब भी भीड़ उन्हें पीटती रही। लोगों ने पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर दी। बाद में लोग सड़क पर बैठ गई और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही मणिनगर विधायक, डीसीपी बलदेव देसाई और एसीपी स्कूल पहुंचे। बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकताओं ने स्कूल में जय श्री राम के नारे लगाए। करीब एक घंटे के हंगामे के बाद भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। फिलहाल हालात कंट्रोल में हैं। दोनों स्टूडेंट के बीच थी पुरानी रंजिश खोखरा पुलिस थाने के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले इन दोनों स्टूडेंट्स के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपी मंगलवार को चाकू छिपाकर लाया था। स्कूल की छुट्टी होते ही उसने 10वीं के स्टूडेंट पर हमला कर दिया। घायल छात्र के पेट में गंभीर घाव हो गए थे। उसे मणिनगर के एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था।

# दिल्ली के दरियागंज में बिल्डिंग गिरने से बड़ा हादसा, 3 की मौत



### मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बिल्डिंग गिरी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बिल्डिंग गिरने की सूचना मिलते ही डीडीएमए और नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। तुरंत ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। बिल्डिंग गिरने की ये घटना दरियागंज इलाके की है। पुलिस ने बताया कि दरियागंज थाना क्षेत्र में बुधवार को एक इमारत गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई।

**बिल्डिंग गिरने से तीन मजदूरों की मौत :** पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सूचना मिलते ही राहत और बचाव का काम शुरू किया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि तीन लोगों के शवों को मलबे से निकाला गया। इनकी पहचान जुबैर, गुलसागर, तौफीक के तौर पर हुई है। शवों को एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया है। सूचना मिलते ही डीडीएमए सहित नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। मलबे के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए जेसीबी मशीनों और अन्य उपकरणों का सहारा लिया गया। ऊ्रब के एक अधिकारी ने बताया, 'हमारी टीम ने तेजी से काम शुरू किया और मलबे से तीन लोगों को निकाला गया। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया।' अभी भी मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है।

फिलहाल, पुलिस और प्रशासन ने इलाके को सील कर दिया है और मलबे को हटाने का काम जारी है।




**अचानक गिरी बिल्डिंग :** जानकारी के अनुसार, दोपहर 12:14 बजे दिल्ली फायर सर्विसेज के कंट्रोल रूम में एक कॉल आई, जिसमें बताया गया कि दरियागंज में एक इमारत धराशायी हो गई है।

खबर मिलते ही चार दमकल गाड़ियां तेजी से घटनास्थल की ओर दौड़ीं। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि एक पुरानी इमारत, जिसमें ग्राउंड फ्लोर के साथ दो ऊपरी मंजिलें थीं, पूरी तरह मलबे में तब्दील हो चुकी थी।

# जलालाबाद का नाम बदला, अब परशुरामपुरी से जाना जाएगा यह नगर

## 30 करोड़ की धनराशि से संवारी जा रही है जन्मस्थली




**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदल दिया गया है। अब यह नगर परशुरामपुरी के नाम से जाना जाएगा। इस संबंध में गृह मंत्रालय से पत्र जारी किया गया है। इस पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, 'शाहजहांपुर स्थित जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' करने की अनुमति देने पर गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद एवं आभार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए इस निर्णय ने संपूर्ण सनातनी समाज को गर्व का क्षण प्रदान किया है।'

प्रदेश सरकार ने जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन दे दिया था। प्रदेश के प्रमुख सचिव ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजकर नाम परिवर्तन की स्वीकृति शीघ्र देने की अपेक्षा की थी। इस पर गृह मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है।

**बीते दिनों भेजा गया था पत्र :** बीते दिनों प्रदेश के प्रमुख सचिव की ओर से केंद्रीय गृह सचिव को पत्र भेजा गया था। जिसमें कहा गया था कि जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। वहां भगवान परशुराम का काफी पुराना ऐतिहासिक मंदिर भी है। इसलिए जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी रखे जाने की मांग की जाती रही है। नगर पालिका परिषद ने मार्च 2018 व सितंबर 2023 में इस मांग के प्रस्ताव बोर्ड बैठक में भी पारित किए। अप्रैल में शाहजहांपुर के डीएम ने बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव संलग्न कर नाम परिवर्तन को अपनी संस्तुति सहित पत्र शासन को भेजा था।

पत्र में प्रमुख सचिव ने यह भी कहा था कि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बीते अप्रैल में ही लोगों की आस्था को देखते हुए नगर का नाम परशुरामपुरी घोषित किए जाने की मांग शासन से की थी। उक्त मांग तथा पालिका बोर्ड के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार ने अपनी सहमति जताते हुए नगर का नाम परशुरामपुरी किए जाने का अनुमोदन दे दिया था। इस प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने मंजूरी देते हुए बुधवार को पत्र जारी कर दिया।

**वर्षों से चली आ रही था मांग :** भगवान परशुराम की यह नगरी आसपास क्षेत्र में ही नहीं बल्कि दूरदराज जनपदों के लोगों की आस्था से जुड़ी रही है। इस नगर का नाम परशुरामपुरी घोषित किए जाने की मांग भी लंबे समय से चली आ रही था।

**24 अप्रैल 2022 को घोषित हुई परशुराम की जन्मस्थली :** भगवान परशुराम की इस नगरी को शासन की ओर से 24 अप्रैल 2022 को जन्मस्थली घोषित किया गया था। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंदिर प्रांगण में आयोजित सभा में इसकी घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण का सुंदरीकरण करते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का वादा भी किया था।

# सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन, पीएम मोदी बने प्रस्तावक

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ-साथ भाजपा और एनडीए के तमाम नेता भी मौजूद रहे।

**पीएम मोदी समेत कुल चार प्रस्तावक :** जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी ने रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन पत्रों के 4 सेट सौंपे हैं। नामांकन पत्रों के इन चार सेटों में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं।

**सीपी राधाकृष्णन के बारे में जानिए :** तमिलनाडु में जन्मे सीपी राधाकृष्णन गाउंडर- कोंगु वेल्लालर यानी ओबीसी समुदाय से आते हैं। वे तमिलनाडु से उपराष्ट्रपति बनने वाले वे तीसरे नेता होंगे। वे 1998 में पहली बार सांसद चुने गए और 2023 में बने झारखंड के राज्यपाल बने। 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं।



झारखंड की जिम्मेदारी संभालते हुए राधाकृष्णन ने तेलंगाना का राज्यपाल और पुडुचेरी का उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। सीपी राधाकृष्णन ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की पढ़ाई की है।

**महात्मा गांधी को अर्पित की पुष्पांजलि :** वहीं इससे पहले सीपी राधाकृष्णन ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू किंजरापु. एल मुरुगन और भाजपा नेता विनोद तावड़े की मौजूदगी में संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

# मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को बड़ी राहत

## बहाल हो सकती है विधायकी, मऊ सीट पर नहीं होगा उपचुनाव

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल हो सकती है। उत्तर प्रदेश की की मऊ सदर सीट पर अब उपचुनाव नहीं होगा।

हेट स्पीच मामले में एमपी एमएलए कोर्ट मऊ के फैसले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। आपको बता दें कि हेट स्पीच मामले में एमपी एमएलए कोर्ट मऊ की ओर से सुनाई गई दो साल की सजा पर रोक की मांग करते हुए दाखिल क्रिमिनल रिवीजन को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस फैसले के चलते अब्बास अंसारी की विधायकी अब बहाल हो जाएगी।

**तीन मार्च 2022 को दर्ज हुआ मुकदमा :** नफरती भाषण और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में अभियोजन के अनुसार एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज हुई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी और अन्य को आरोपी बनाया गया।



आरोप था कि तीन मार्च 22 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पुर मैदान में जनसभा के दौरान कहा कि जनपद मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोक कर हिसाब किताब करने व इसके बाद सबक सिखाने की धमकी मंच से दी गई थी।

**यह है पूरा मामला :** विधानसभा चुनाव-2022 के अब्बास अंसारी पर सपा की सरकार बनने पर राज्य अधिकारियों को परिणाम भुगतने की धमकी देने और दो समुदायों में वैमनस्यता फैलाने का आरोप लगा था। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्बास अंसारी को विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और सार्वजनिक सेवक को चोट पहुंचाने की धमकी देने के अपराध का दोषी करार देते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### एमएलसी दिनेश गोयल ने जब विधान परिषद में उठाई हाउस टैक्स को लेकर आवाज

# पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने किया स्वागत कहा- एमएलसी दिनेश गोयल जिंदाबाद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल की खूबी है कि उन्होंने अपने क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्या को विधान परिषद में उठाया है। वो समस्याओं की दिशा में काम करते हैं और बताया जाता है कि उन्होंने पार्षदों की आवाज विधान परिषद में उठाकर पार्षदों का दिल जीत लिया। पार्षद उनका स्वागत करने पहुंचे। बड़ी बात ये थी कि स्वागत करने वालों में केवल भाजपा के पार्षद नहीं थे, बल्कि इसमें दूसरे दलों के पार्षद और पूर्व पार्षद भी थे। गौरतलब है कि बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर एक बड़ा विरोध भाजपा पार्षदों की ओर से हुआ फिर पूरा निगम पार्षद दल इस मामले में एक साथ आ गया। 30 जून को जब बोर्ड बैठक हुई तो इस बोर्ड बैठक में सांसद, विधायक भी पहुंचे। पार्षदों को ये उम्मीद थी कि जो जनप्रतिनिधि उनके कहने पर निगम बोर्ड की इस बैठक में आए हैं वो जनप्रतिनिधि हाउस टैक्स के इस मुद्दे को अपने-अपने सदन में भी उठाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और जो हुआ वो पार्षदों की सोच से अलग था। जो जनप्रतिनिधि बोर्ड बैठक में आए उन्होंने सदन में एक शब्द भी नहीं बोला और जो एमएलसी दिनेश गोयल बोर्ड बैठक में नहीं आए उन्होंने हाउस टैक्स के मामले पर विधान परिषद में मोर्चा खोला।



विधान परिषद में एमएलसी दिनेश गोयल ने पार्षदों की बात रखी। विधान परिषद में ये सवाल उठाया और ये संदेश दिया कि पार्षदों की इस लड़ाई में हम उनके साथ है। ये तब हुआ जब पार्षद इस लड़ाई में खुद को जनप्रतिनिधिविहीन महसूस कर हरे थे। वो खुद को भरोसाविहीन महसूस कर रहे थे।

ऐसे में एमएलसी दिनेश गोयल ने जब सदन में ये मामला उठा दिया तो वो पार्षदों के दिलों पर छा गए। पार्षद उनका स्वागत करने पहुंचे। हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर पार्षदों ने जो आंदोलन छेड़ा था उसे एमएलसी दिनेश गोयल की आवाज ने एक नई मजबूती दे दी है। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को पार्षद पहुंचे और एमएलसी दिनेश गोयल का स्वागत किया। पार्षदों ने कहा कि हम लगातार विरोध कर रहे हैं, हमने निगम मुख्यालय पर दो दिन, दो रात धरना दिया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला, लेकिन एमएलसी दिनेश गोयल ने इसे विधान परिषद में उठाकर हमारे संघर्ष को एक नई ताकत दी। स्वागत करने वालों में पार्षद गौरव सोलंकी पार्षद नीरज गोयल, अजीत निगम, देवनाराण, ओमप्रकाश ओढ़, कन्हैया लाल, संतोष सिंह राणा, पवित्रा देवी, सुधीर कुमार, नितिन कुमार, शिवम शर्मा मौजूद रहे। वहीं स्वागत करने वालों में पूर्व पार्षद जाकिर सैफी और पार्षद पति डॉ. पवन गौतम भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# नगर निगम ने खोजे गाजियाबाद की सड़कों पर 153 गड्ढे, 2 करोड़ रुपए से जल्द होगा भराव

### बारिश के बाद टूटी सड़कों को सुधारने की प्रक्रिया होगी शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जुलाई के अंतिम दिनों और अगस्त माह में अब तक लगातार रुक-रुक के बारिश हो रही है। किसी दिन मूसलाधार बारिश होती है ,तो किसी दिन जलभराव और बारिश लोगों को परेशान करते हैं। बारिश से ना सिर्फ जनजीवन प्रभावित होता है, बल्कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाली सड़के भी धीरे-धीरे टूट रही हैं। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे जाम और सड़क हादसों का खतरा बना रहता है। नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले 10 से 12 दिनों में नगर निगम 153 स्थानों पर गड्ढे भरने और पैच वर्क करने की प्रक्रिया को शुरू करने का काम करेगा। इसके लिए लगभग दो करोड़ रुपए का बजट भी पास किया जाएगा।





### 153 स्थानों पर भरे जाएंगे गड्ढे

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही टैंडर प्रक्रिया आगामी एक से डेढ़ सप्ताह में पूरी होगी, उसके बाद पैच वर्क और गड्ढों के भरने का काम शुरू होगा। वैसे भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री गड्ढा रहित सड़के होने को लेकर अभियान चलाने के निर्देश देते रहते हैं। तो वहीं बीते दिनों बारिश होने के बाद से जगह-जगह नगर निगम क्षेत्र में प्रमुख मार्गो, प्रमुख सोसायटियों और इलाकों में सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। जिनको जल्द ही भरने का अभियान शुरू होगा। इसमें सिटी जोन से लेकर कवि नगर, विजय नगर, इंदिरापुरम, वसुंधरा और साहिबाबाद इलाके के 153 स्थान का टैंडर होगा, जो करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से काम कराए जाएंगे ताकि शहर की सड़के गड्ढा रहित हो सकें।

### गड्ढा रहित सड़कों के लिए नगर निगम कर रहा है तैयारी

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि गड्ढा रहित सड़के नगर निगम की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसको ध्यान में रखते हुए जल्द टैंडर प्रक्रिया पूर्ण कर करीब दो करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 153 स्थानों पर सड़कों की मरम्मत और पैच वर्क का कार्य कराया जाएगा ताकि आमजन को मार्ग और प्रमुख स्थानों से आने-जाने पर होने वाली असुविधा को दूर करवाया जा सके।

# पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने दिये विधानसभा चुनाव लड़ने के संकेत

### कहा- पार्टी जहां आदेश देगी वहीं लड़ेंगे, चाहे प्रदेश हो या देश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। चुनाव जीतने, चुनाव हारने का अनुभव है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो सियासत के एक ऐसे चिलाड़ी हैं जो जानते हैं कि पिच पर कैसे टिका जाता है। उनकी राजनीति का अपना एक अंदाज है और खास बात ये है कि वो हमेशा खुद को विवादों से दूर रखकर चलते हैं और राजनीतिक रूप से, सामाजिक रूप से सक्रिय रहते हैं।



बीते दिनों समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता ने एक सूची तैयार कराई थी जिनमें 120 विधानसभा सीटों पर गुर्जर वोट की मौजूदगी बताई। इस रिपोर्ट के बाद से गुर्जर राजनीति अंगड़ाई ले रही है। राजनीति के इस माहौल में दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी से बात की। प्रशांत चौधरी चुनावी खिलाड़ी हैं और गुर्जर समाज से लेकर सभी समाजों में उनकी पकड़ मजबूत बताई जाती है। बागपत जैसी सीट पर उनकी पत्नी हेमलता चौधरी विधानसभा का चुनाव जीतकर विधायक बनी थी। प्रशांत चौधरी स्वयं एमएलसी रहे हैं और अब जब भाजपा ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा अभी से 2027 के चुनावी रण की चक्रव्यूह संरचना को तैयार कर रही है। ऐसे में करंट क्राइम ने पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी से बात की।

चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रशांत चौधरी ने कहा कि राजनीति से जुड़ा हर व्यक्ति चुनाव लड़ने की इच्छा रखता है और मैं भी एक राजनीतिक कार्यकर्ता हूं। मैं भाजपा कार्यकर्ता के रूप में चुनाव की दावेदारी में हूं। कौन सी सीट से तैयारी रहेगी के सवाल पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा कि हमारी दावेदारी है और निर्णय पार्टी को लेना है। उन्होंने कहा कि पार्टी जहां से भी हमें आदेश देगी हम वहीं से चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा सीट के सवाल उन्होंने दोहराया कि पार्टी का आदेश सर्वोपरि है और पार्टी अगर देश के किसी कोने से कहेगी तो वहां से चुनाव लड़ेंगे और पार्टी अगर प्रदेश की किसी भी सीट से आदेश करेगी तो हम वहीं से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी क्या देश में जहां से भी पार्टी आदेश देगी वहीं से चुनाव लड़ेंगे। किसी विशेष सीट को लेकर उन्होंने सिर्फ इतने संकेत दिये कि गाजियाबाद और गाजियाबाद के आसपास के जनपद से भी दावेदारी हो सकती है। मजबूती के साथ हम अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास गाजियाबाद और गाजियाबाद के आसपास के जनपद से भी टिकट पाने और चुनाव लड़ने का रहेगा। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि उनका फोकस किस विधानसभा पर रहेगा, लेकिन उन्होंने कहा कि हम जनसेवा के लिये राजनीति में आए हैं और चुनाव लड़ना मेरी राजनीतिक प्राथमिकता है। उन्होंने फिर दोहराया कि भाजपा हाईकमान का निर्णय मेरे लिये सर्वोपरि है और इसमें कोई दो राय नहीं है कि मैं चुनाव लड़ना चाहता हूं। समय आने पर सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता पर हमला कायराना हरकत : अभिषेक गर्ग


**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जनसुनवाई के दौरान हुए हमले को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए हमले को कायराना बताया है। उन्होंने मामले की जांच की मांग की है। सपा नेता अभिषेक गर्ग ने कहा है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री के ऊपर हमला एक कायराना हरकत है, जिसकी वह कड़ी निंदा करते हैं लेकिन यह हमला दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का जज्बा नहीं तोड़ पाएगा। वह जमीन से जुड़ी हुई नेता हैं और लोगों के बीच जाकर उनका काम करती हैं। उनके हौसले को यह हमला नहीं हिला पाएगा। सुरक्षा में जो चूक हुई है उसकी जांच होनी चाहिए ,जो शख्स पकड़ा गया है, उसने क्यों ऐसा किया इसकी भी जांच होनी चाहिए। ऐसे हमले से रेखा गुप्ता डरने वाली नहीं हैं और वह दिल्ली के हित में लगातार काम करती रहेगी। सपा नेता अभिषेक ने यह भी कहा कि पिछले 5 महीनों से जब से देखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी हैं, वह लोगों के बीच और अपने आवास पर जनसुनवाई कर रही हैं, आज जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जांच होनी चाहिए कि इस व्यक्ति ने ऐसा क्यों किया है, क्योंकि यह चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री सिर्फ सरकार का चेहरा नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व होता है ,एक मुख्यमंत्री जनता के बीच जाकर उनकी समस्या को समझता है, अगर ऐसे व्यक्ति पर हमला होता है, तो इसकी निंदा जरूर होनी चाहिए।





# पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात

### क्षेत्र की समस्याओं को रखा समक्ष और की समाधान की मांग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। पिलखुवा की जनता के लिये ये खबर खास है कि जब उनके पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल की मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई तो उन्हें पिलखुवा की जनता याद रही, समस्या याद रही और उन्होंने यहां पिलखुवा की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पिलखुवा चेयरमैन ने ये बताया कि पिलखुवा नगर पालिका क्षेत्र में रेलवे विभाग द्वारा नाला बंद किये जाने से जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल ने मुख्यमंत्री से इस समस्या के शीघ्र निस्तारण का विनम्र आग्रह किया। वहीं उन्होंने पिलखुवा नगर पालिका में विभिन्न विकास योजनाओं की स्वीकृति और कार्य शुरू कराए जाने का भी अनुरोध किया। विभू बंसल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत होने वाले कार्य, नाला तथा जल निकासी योजना, वंदन योजना, अंत्येष्टी स्थल विकास योजना, सड़क निर्माण योजना, कान्हा उपवन योजना तथा नगरीय स्त्रोन्यन योजन तथा सिवरेज टेपिंग योजना की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

एक जनप्रतिनिधि के रूप में पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल ने ये संदेश दिया कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि को हमेशा मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान सर्वोच्च प्राथमिकता अपने क्षेत्र की जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान को देनी चाहिए।

विभू बंसल ने छोटी से मुलाकात में पिलखुवा के लोगों की बड़ी बात को रखा और ये साबित किया कि जनप्रतिनिधि का असली दायित्व क्या होता है। मुख्यमंत्री से जब पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल ने मुलाकात की तो उनके साथ हापुड़ के भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, धौलाना के ब्लॉक प्रमुख निशांत शिशौदिया भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### चुनाव लड़ने के सवाल पर नहीं खोले बृजपाल तेवतिया ने अपने पत्ते

# कहा, सामाजिक रूप से लग रहा है सभी क्षेत्रों में दौरा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी रण-2027 की तैयारी शुरू हो गई। इस रण के खिलाड़ी कितना भी इनकार करें लेकिन सूत्र बताते हैं कि सब दावेदारी के लिये तैयार हो रहे हैं। कोई दिल्ली वालों के टच में जा चुका है तो किसी ने लखनऊ में दस्तक दे दी है। फैसला हाईकमान को लेना है, लेकिन चुनावी हौंसलों की उड़ान शुरू हो चुकी है। राजनीति में कहावत है कि जो व्यक्ति चुनाव लड़ लेता है वो भले ही वो चुनाव हारे या जीते लेकिन उसके मन में चुनावी अरमान हमेशा रहते हैं। चुनाव टिकट कभी भी निकट हो सकता है और इस बात के उदाहरण गाजियाबाद जिले के जनप्रतिनिधि हैं। किसी को एक लंबे अंतराल के बाद टिकट मिला तो किसी को दूसरी विधानसभा से बुलाकर टिकट दिया गया। ऐसे में पार्टी कब किसे टिकट के निकट कर देगी ये नहीं कहा जा सकता। राजनीति के खिलाड़ी कभी निराश नहीं होते हैं और वो तकदीर के फैसलों से भी हताश नहीं होते, वो हौंसलों के साथ राजनीति करते हैं। गाजियाबाद में जाट राजनेताओं की बात करें तो यहां जाट समाज के प्रमुख चेहरों में बृजपाल तेवतिया का नाम आता है। बृजपाल तेवतिया अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। वो मुरादनगर से भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़े थे। वो भले ही चुनाव में जीत नहीं पाए थे, लेकिन ये चुनाव उन्होंने बेहद मजबूती से लड़ा था। अब जब चुनावी रण-2027 की तैयारी शुरू हुई है तो क्या बृजपाल तेवतिया भी दावेदारी करेंगे। क्या पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रमुख जाट चेहरा किसी विधानसभा से अपनी किस्मत आजमाएगा।




दैनिक करंट क्राइम ने बृजपाल तेवतिया से उनकी चुनावी योजना को लेकर बात की। बृजपाल तेवतिया ने पहले तो कहा कि अभी 2027 दूर है और अभी इस बारे में बहुत ज्यादा सोचा नहीं है। बृजपाल तेवतिया ने यहां ये भी कहा कि पार्टी किसे लड़ती है और किसे वो मैदान में लाती है, ये पार्टी का फैसला है, यह पार्टी पर निर्भर करता है।

बृजपाल तेवतिया एक अनुशासित कार्यकर्ता की भांति ये जरूर कहा कि पार्टी अगर चुनाव लड़ने का आदेश देगी तो जरूर लड़ेंगे। वो कौन सी सीट से चुनाव लड़ेंगे, कौन सी विधानसभा सीट पर उनका रुझान रहेगा जब यह सवाल उनसे हुआ तो बृजपाल तेवतिया ने इस सवाल को घुमा दिया। उन्होंने कहा कि जहां तक बात सीट की है तो यह भी हमारे शीर्ष नेतृत्व को तय करना है। करंट क्राइम ने जब उनसे ये सवाल किया कि सुना है आपकी लोकेशन इन दिनों मुरादनगर की आ रही है तो बृजपाल तेवतिया ने कहा कि अगर आप लोकेशन को इलेक्शन से जोड़ रहे हो तो मेरी लोकेशन केवल मुरादनगर की ही नहीं आ रही है बल्कि मेरी लोकेशन तो मोदीनगर और धौलाना की भी आ रही है। उन्होंने दोहराया कि लोकेशन से इलेक्शन का कोई कनेक्शन नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी पहले मुझे चुनाव लड़ने के लिये तैयार होना है और उसके बाद ये तो पार्टी हाईकमान से तय होना है कि वो किसे कहां से चुनाव लड़ाएंगे।

# अब स्ट्रीट लाइट के खंबे बरसाएंगे पानी

### वायु प्रदूषण और गर्मी कम करने के लिए मिस्ट स्प्रे सिस्टम का ट्रायल शुरू

### हापुड़ चुंग्गी मुख्य मार्ग पर की गई शुरुआत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण और गर्मी को कम करने के लिए नगर निगम गाजियाबाद मिस्ट स्प्रे सिस्टम में पानी की छोटी-छोटी बूंद बिजली के खंभो से बरसाई जाएंगी और बिजली के खंभो से रोशनी और तारों के अलावा हवा में पानी का छिड़काव भी होगा।

इस पानी के स्त्रोत से जहां वायु प्रदूषण की स्थिति को कमजोर करने का काम किया जाएगा। तो वहीं गर्मियों से भी राहत प्रदान की जाएगी। नगर निगम गाजियाबाद में हापुड़ चुंग्गी के कुछ मार्ग पर इस ट्रायल के रूप में शुरू किया है। यह सिस्टम सर्दियों के दिनों में भी असरदार रहेगा, अमूमन दशहरे के बाद गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़नी शुरू हो जाती है। तो धूल के महीन कण और पीएम-10 और पीएम-2.5 को भी काफी हद तक प्रभावित करने का काम करेगा।



### वायु प्रदूषण को लेकर लगातार निगम कर रहा है कई बड़े बदलाव

करंट क्राइम : गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। सालों साल यहां का वायु प्रदूषण लोगों के लिए परेशानी और वायु प्रदूषण के लिहाज से खतरनाक हो रहा है। गाजियाबाद में नगर निगम द्वारा मिस्ट स्प्रे सिस्टम जिसके तहत पानी की छोटी-छोटी बूंदे हवा में फैलाई जाती हैं, जो धूल के कणों को नीचे गिरा देती हैं। इसके परिणाम स्वरुप हवा साफ होती और वायु प्रदूषण का स्तर कम होता है। इसको अपनाने का काम शुरू कर दिया गया है, इसके लिए जल्द ही कई अन्य बिंदु भी चुने जाएंगे। शुरुआती तौर पर इसे हापुड़ चुंग्गी पे चालू किया गया है। इसके बेहतर परिणाम आने के बाद इसे शहर और ट्रांस हिंडन के प्रमुख इलाकों में इस्तेमाल किया जाएगा।

### नगर आयुक्त और मेयर की शहर को सुधारने के लिए एक और पहल

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इस पर वार्ता करने के बाद मिस्ट स्प्रे सिस्टम का टेस्ट शुरू किया गया है। इसका असर यह होगा कि शहर में वायु प्रदूषण का स्तर कम होगा। तो वहीं गर्मी के दिनों में भी लोगों को राहत मिलेगी।

## संपादकीय

# टोल नाके पर जाम और लंबी कतारें

सुविधा ही जब समस्या बन जाए तो उसका निराकरण नितांत आवश्यक हो जाता है। मसला जब सार्वजनिक हित से जुड़ा हो तो उसका महत्त्व और भी गहरा हो जाता है। देश भर में टोल शुल्क की वसूली का मकसद आम लोगों के लिए सफर को आसान और सुगम बनाना बताया जाता है। मगर, लोगों को इन जगहों पर यदि घंटों जाम की समस्या से जूझना पड़े तो शुल्क वसूलने के औचित्य पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ऐसे ही एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर किसी व्यक्ति को पैंसठ किलोमीटर लंबे राजमार्ग को तय करने में बारह घंटे लगते हैं, तो उस यात्री को टोल शुल्क का भुगतान करने के लिए क्यों कहा जाए। यानी जिस दूरी को पार करने में तकरीबन एक घंटे का समय लगता हो, उसमें ग्यारह घंटे अतिरिक्त लग जाएं तो ऐसी सुविधा के नाम पर शुल्क की वसूली क्यों होनी चाहिए? यह मामला तो एक बानगी है, देश भर में न जाने कितने लोगों को रोजाना शुल्क का भुगतान करने के बावजूद इस तरह की समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। असल में जब किसी सड़क मार्ग पर टोल शुल्क की वसूली शुरू होती है तो यात्रियों को यह विश्वास होता है कि उनका सफर सुविधाजनक होगा।

हाईकोर्ट ने टोल शुल्क के निलंबन का दिया था आदेश मगर, सुचारु यातायात प्रवाह बनाए रखने में विफलता से जन विश्वास भी डगमगाने लगता है। नियमानुसार, जो कंपनी टोल शुल्क की वसूली करती है, संबंधित सड़क मार्ग की देखभाल और निर्बाध यातायात की व्यवस्था करना भी उसी की जिम्मेदारी होती है। शीर्ष अदालत पहुंचा संबंधित मामला केरल के त्रिशूर से जुड़ा हुआ है। उच्च न्यायालय ने छह अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 544 के एडापल्ली-मन्नुथी खंड की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों के कारण लगने वाले यातायात जाम के आधार पर टोल शुल्क के निलंबन का आदेश दिया था। दरअसल, उच्च न्यायालय ने कहा था कि जब राष्ट्रीय राजमार्ग का रखरखाव ठीक से नहीं हो रहा है और यातायात जाम बहुत अधिक है, तो वाहन चालकों से टोल शुल्क नहीं वसूला जा सकता। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से टोल शुल्क वसूली को लेकर कई तरह के नियम बनाए गए हैं, जिनमें टोल नाके पर वाहन के रुकने की समय सीमा भी निर्धारित है। विकास की सड़कों पर क्यों लहूलुहान हो रही जिंदगी? गोल्डन आवर की कीमत चुकाती है आम जनता यानी उस समय सीमा के भीतर ही किसी एक वाहन से शुल्क लेने की प्रक्रिया पूरी करनी होती है। मगर, ज्यादातर जगहों पर इन नियमों का पूरी तरह पालन नहीं हो पाता है। यही वजह है कि आए दिन टोल नाकों पर यात्रियों और टोल कर्मियों के बीच विवाद एवं मारपीट की खबरें आती रहती हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहे एक सैन्यकर्मी की कार टोल नाके की लंबी कतार में फंस गई और टोल कर्मचारियों से जाम हटाने को कहने पर उसके साथ मारपीट की गई। यहीं नहीं, कई बार जल्दबाजी में या अन्य किसी वजह से ज्यादा शुल्क कट जाने पर संबंधित यात्री को शेष पैसे वापस लेने के लिए बैंक की जटिल प्रक्रिया से जूझना पड़ता है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने जीएसटी पर राज्यों के मंत्री समूह के साथ की बैठक

## कर सुधारों की जरूरत के बारे में बताया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को जीएसटी सुधारों पर राज्यों के मंत्रिसमूह के साथ बैठक की। बैठक के दौरान राज्यों के मंत्रिसमूह को जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधारों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। इन सुधारों में कर की दरों में कटौती और व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करना शामिल है।

बीमा कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर गठित मंत्री समूह दो दिनों तक केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श करेगा। इसके तहत 5 और 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाएगा। 5-7 वस्तुओं पर, जिनमें हानिकारक वस्तुएं भी शामिल हैं को 40 प्रतिशत की विशेष दर के तहत लाने का प्रस्ताव किया गया है।

वर्तमान में जीएसटी 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर शून्य या 5 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जबकि विलासिता और अवगुण वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जिसके ऊपर उपकर भी लगता है।

एक सूत्र ने बताया कि वित्त मंत्री ने मंत्रियों के समूह को लगभग 20 मिनट तक संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने केंद्र के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की। सूत्र ने बताया कि उन्होंने राज्यों को जीएसटी सुधारों की आवश्यकता के बारे में समझाया।

क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) का गठन ऋण चुकौती अवधि के बाद क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर निर्णय लेने के लिए किया गया था। इसके अलावा, बीमा पर मंत्रियों का समूह स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर की दरें कम करने पर विचार-विमर्श कर रहा था। दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह को स्लैब और दरों में बदलाव के सुझाव देने और कुछ क्षेत्रों के सामने आने वाली शुल्क-उलटाव की समस्या को दूर करने का काम सौंपा गया था। जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह की 21 अगस्त को फिर से बैठक होने वाली है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो इससे सालाना लगभग 85,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हो सकता है। चालू वित्त वर्ष में, अगर नई कर दरें 1 अक्टूबर से लागू होती हैं, तो राजस्व का नुकसान 45,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

मंत्री समूहों की ओर से अनुमोदित होने के बाद, केंद्र के प्रस्ताव को अगले महीने होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में रखा जाएगा। इसमें केंद्र और सभी राज्यों के मंत्री शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के दिन लाल किले से दिवाली तक जीएसटी सुधारों को लागू करने की घोषणा की है। एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि प्रभावी भारित औसत जीएसटी दर शुरूआत के समय 14.4 प्रतिशत से घटकर सितंबर 2019 में 11.6 प्रतिशत हो गई। दरों में प्रस्तावित बदलावों के अमल में आने के बाद प्रभावी भारित औसत जीएसटी दर 9.5 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

# ट्रंप के टैरिफ का सबसे अधिक असर कपड़ा व रसायन क्षेत्र के एमएसएमई पर

**नई दिल्ली।** क्रिसिल इंटिलिजेंस के अनुसार अमेरिकी टैरिफ से कपड़ा, रसायन, सी फूड और ऑटो घटकों में लगभग 19 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात पर असर पड़ेगा। उच्च टैरिफ से एमएसएमई की पहले से ही सीमित मार्जिन पर दबाव बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी। अमेरिकी टैरिफ से भारत के कपड़ा, हीरा और रसायन क्षेत्र के एमएसएमई



पर सबसे अधिक असर पड़ने की संभावना है। क्रिसिल इंटिलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका को होने वाले निर्यात में इन क्षेत्रों का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है।

### उच्च टैरिफ दरों से एमएमएमई पर पड़ेगा दबाव

क्रिसिल इंटिलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि बढ़ी हुई टैरिफ दरों के चलते उत्पाद कीमतों में हुई बढ़ोतरी का आंशिक वहन करना एमएसएमई के लिए भारी पड़ेगा। इससे उनकी पहले से ही सीमित मार्जिन पर दबाव बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी।

### आरएमजी निर्यात पर टैरिफ बढ़कर 61 प्रतिशत हुआ

शर्मा ने उदाहरण देते हुए कहा कि रेडीमेड गारमेंट्स निर्यातक अमेरिकी बाजार में अपनी हिस्सेदारी खो सकते हैं क्योंकि अब वहां टैरिफ बढ़कर 61% हो गया है। इसमें 50% अतिरिक्त एड वैलोरम ड्यूटी शामिल है। इसके मुकाबले बांग्लादेश और वियतनाम के निर्यातकों पर केवल 31% टैरिफ लागू है। उन्होंने चेतावनी दी कि तिरुपुर क्लस्टर, जो भारत के निर्यात का 30% हिस्सा रखता है, गंभीर रूप से प्रभावित होगा।

# भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए एफटीए और मजबूत नीतियों की जरूरत', उद्योग जगत ने दिया सुझाव

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत का कहना है कि भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के लिए मुक्त व्यापार समझौते और मजबूत नीतियों की जरूरत की जरूरत है। उन्होंने सरकार से व्यापार वार्ता में तेजी लाने, टिकाऊ उद्योगों को उत्पादन प्रोत्साहन देने और बुनियादी ढांचे में निवेश करने का आग्रह किया। उद्योग जगत ने भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दायरे को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है। उनका कहना है कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए स्थिरता और नीति समर्थन महत्वपूर्ण है।

### रिटेल, FMCG और ई-कॉमर्स ने सरकार से किया आग्रह





फिक्की के 14वें मासमेराइज सम्मेलन का विषय था मेक इन इंडिया: एफएमसीजी, रिटेल और ई-कॉमर्स के भविष्य को सशक्त बनाना। इस सम्मेलन में रिटेल, एफएमसीजी और ई-कॉमर्स क्षेत्रों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने सरकार से व्यापार वार्ता में तेजी लाने, टिकाऊ उद्योगों को उत्पादन प्रोत्साहन देने और बुनियादी ढांचे में निवेश करने का आग्रह किया।

### भारत को प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने की जरूरत

मोहनलाल संस के सीईओ और मालिक मयंक मोहन ने कहा कि भारत को बांग्लादेश, वियतनाम और तुर्की जैसे प्रतिस्पर्धियों के साथ निर्यात अंतर को कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश परिधान और वस्त्रों के मामले में पहले से ही भारत से ज्यादा निर्यात कर रहे हैं। अगर भारत ब्रिटेन और अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों के साथ एफटीए पर बातचीत करता है, तो हमें लागत में जरूरी बढ़त मिलेगी।

पीएलआई योजना का विस्तार मोहन ने जोर देकर कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार उन क्षेत्रों तक करना जो टिकाऊ कपड़ों और बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को प्रोत्साहित करते हैं, इससे सही दिशा मिलेगी। इस योजना का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 213 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन भारतीय बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक उछलकर 81,857.84 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 69.90 अंक की बढ़त के साथ 25,050.55 पर बंद हुआ। आईटी शेयरों में भारी खरीदारी के चलते बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 341.23 अंक या 0.41 प्रतिशत बढ़कर 81,985.62 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी



हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक या 0.26 प्रतिशत उछलकर 81,857.84 अंक पर बंद 69.90 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,050.55 पर आ गया। फेडरल रिजर्व पर है निवेशकों की नजर निवेशकों का ध्यान अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के जैक्सन होल संगोष्ठी में दिए जाने वाले आगामी वक्तव्यों और फेड की हालिया बैठक के विवरण पर केंद्रित हो गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस में सबसे ज्यादा 3.88 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इटरनल और एचसीएल टेक के शेयर भी बढ़त में रहे। वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स और ट्रेंट पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे।

### यूरोपीय बाजारों रहा मिला-जुला रुख

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग ऊपर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मिश्रित रुख रहा। मंगलवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर गिरावट के साथ बंद हुए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? यदि आप एक कटा हुआ अंगूर माइक्रोवेव में गर्म करते हैं, तो यह सुपर-हॉट प्लाज्मा में बदल कर आग के गोले की तरह विस्फोट कर सकता है।
- शायद आप यह नहीं जानते की, दुनिया के पसंदीदा फलों के शीर्ष दस में अंगूर, टमाटर, आम और केले के साथ गिना जाता है।
- अंगूर की बेल लगभग 15 मीटर (50 फीट) की लंबाई तक पहुंच सकती है। एक बेल आमतौर पर अंगूर के 40 गुच्छे पैदा करती है।
- यदि वनस्पति रूप से बात करे तो, यह फल जामुन के समूह से संबंधित है। एक क्लस्टर यानि गुच्छे में औसतन 75 जामुन शामिल होते हैं। गोल हो सकते है, अंडे का आकार में या लम्बे हो सकते है। अधिकांश प्रकार के अंगूरों की बेरीज में बीज होते हैं। बीजरहित अंगूरों को किशमिश बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है!
- वाइन की बोतलों पर साल का वर्ष तबसे माना जाता है, जबसे अंगूर को चुना गया था, न कि तब जब वाइन को बोतलबंद किया गया था।
- अंगूर फ्रूट का उत्पादन दुनिया भर में बहुत बड़ा, अच्छी तरह से विकसित और लोकप्रिय व्यापार है। इस ग्रह पर लगभग 25 मिलियन एकड़ भूमि अंगूर के बाग के साथ कवर किया गया है।

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में अचानक विकास होगा और ये बदलाव आपके पक्ष में होंगे। आपका संचार कौशल मजबूत होगा और आप लोगों को आसानी से प्रभावित करने में सक्षम होंगे।
**वृष:** आज आप अपनी योजनाओं से लोगों को सहमत करेंगे। आज आपको सभी का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।
**मिथुन:** परिवार और संतान के मामले में आनंद और संतुष्टि का अनुभव होगा। धन के निवेश के लिए समय अनुकूल है। परिवार में संतान और जीवनसाथी से लाभ होगा।
**कर्क:** आज खर्च की अधिकता रहेगी लेकिन आय सीमित रहेगी। विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने के लिए अपनी अद्भुत क्षमता का उपयोग करें।
**सिंह:** आज आपको अपने मन को शांत रखना चाहिए। शांत मन से आपके काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले सोच-समझकर लें।
**कन्या:** राजनीतिक क्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी. पारिवारिक जिम्मेदारी में वृद्धि होगी, जिससे आपको मानसिक तनाव हो सकता है।
**तुला:** आर्थिक रूप से संपन्न रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा और यश में वृद्धि होगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा।
**वृश्चिक:** आप अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ सकती हैं।
**धनु:** जीवन साथी किसी खूबसूरत सरप्राइज के साथ आपका दिन बना सकता है। किसी प्रकार की विपरीत घटना हो सकती है। आपके विनम्र स्वभाव की सराहना की जाएगी।
**मकर:** व्यापार के मोर्चे पर मेहनत करने की जरूरत है। वरिष्ठों को खुश करना मुश्किल हो सकता है। इस अवधि में कड़ी मेहनत और विनम्रता सफलता की कुंजी है।
**कुंभ:** आज संतान आपको कोई शुभ समाचार देगी, जिससे परिवार के सभी सदस्य प्रसन्न होंगे. सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे।
**मीन:** किसी खास काम में आपका समय और पैसा खर्च हो सकता है. यदि आप किसी विवाद में फंस जाते हैं तो कठोर टिप्पणी करने से बचें।

## चुटकुले

लड़की बॉयफ्रेंड से- हेलो क्या कर रहे हो...
लड़का- क्या तुम्हारा रिचार्ज खत्म होने वाला है...
लड़की- तुमको क्या लगता है, क्या मैं तुमको सिर्फ रिचार्ज के लिए ही फोन करती हूं...
लड़का- तो?
लड़की- अच्छा सुनों न...कल मैं मॉल में 5000 हजार की ड्रेस देखी थी...दिलवा दो न
लड़का बेहोश...

---

पत्नी : सुनो जी, मैं सुंदर लग रही हूँ न?
पति : बहुत!
पत्नी : सच बताओ?
पति : हाँ, जब लाइट बंद होती है तो बिल्कुल हीरोइन लगती हो!

---

पत्नी : सुनो जी, मैं मोटी तो नहीं लग रही?
पति : अरे पगली, तुम तो बहुत स्लिम होङ्घ
पत्नी (खुश होकर) : सच?
पति : हाँ, स्लिम सिलेंडर जैसी!





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# श्रीशंकर राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स में बिखेरेंगे चमक, नीरज-जेना नहीं होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर, फरार्टा धावक अनिमेश कुजूर और भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी जैसे अनुभवी एथलीट बुधवार से शुरू होने वाली राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। इस पांच दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। इससे भारतीय खिलाड़ियों के पास विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने का अंतिम मौका मिलेगा। टोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए ज्यादातर स्पधाओं की क्वालिफिकेशन की अंतिम तिथि 24 अगस्त है।



इस आयोजन में हालांकि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी, बाधा धाविका ज्योति याराजी और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक लंबी दूरी के धावक गुलबीर सिंह भाग नहीं लेंगे। चोपड़ा अपने विश्व चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने की तैयारी में विदेश में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने 28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। साबले चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर है जबकि ज्योति, पारुल और गुलबीर विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के बाद विदेश में अभ्यास कर रहे हैं। श्रीशंकर चोट के वापसी के बाद शानदार लय में है लेकिन लंबे समय तक खेल से दूर रहने के कारण उन्हें रेस टू टोक्यो रैंकिंग नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के लिए 8.27 मीटर की बाधा को पार करनी होगी। मौजूदा सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.13 मीटर का रहा है।

ओडिशा के धावक कुजूर के नाम 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 मीटर) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है और वह विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने की दौड़ में है। वह यहां सिर्फ 200 मीटर में चुनौती पेश करेंगे। वह इसमें रोड टू टोक्यो रैंकिंग में 42वें स्थान पर है। शीर्ष 48 स्थान वाले खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करेंगे। अनु रानी भी रोड टू टोक्यो रैंकिंग में 28वें स्थान पर है। भाला फेंक में शीर्ष 36 खिलाड़ी टोक्यो के लिए क्वालिफाई करेंगे। 32 साल की एशियाई खेलों की यह चैंपियन पिछले कुछ आयोजनों में 60 मीटर की दूरी तय कर रही है।

नीरज चोपड़ा और किशोर जेना की अनुपस्थिति के बावजूद, पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में कई युवा खिलाड़ी देखने को मिलेंगे, जिन्होंने पहले ही 80 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है। इनमें सचिन यादव, रोहित यादव, यशवीर सिंह, साहिल सिलवाल, विक्रांत मलिक और शिवम लोहकारे शामिल हैं। पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रवीण चित्रावल और अब्दुल्ला अबू बकर के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है, जबकि गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर अपनी लय को फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। चित्रावल ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत

## अब्दुसत्तोरोव को हराकर की जबरदस्त वापसी

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने शुरूआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूनार्मेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की।



पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज्सटॉफ को हराया।

अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूनार्मेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला।

अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

# सौरभ-सुरुचि का जलवा

## 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता कांस्य



**नई दिल्ली।** सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में बुधवार को चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। दोनों ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17-9 से हराया। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरुचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे।

इस साल चार विश्व कप पदक जीत चुकी सुरुचि ने क्वालिफिकेशन दौर में परफेक्ट 100 के साथ शुरूआत की। दूसरे में 94 और तीसरे में 98 स्कोर किया। चौधरी का स्कोर 95, 96 और 95 रहा।

# एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का एलान, लाकड़ा और दिलप्रीत को जगह

**बिहार।** बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को किया गया जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूनार्मेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जायेगा जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरूष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया, जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है।स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था। भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है। भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है। गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा पर होगा। डिफेंस में हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह हैं। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत जिम्मा संभालेंगे। नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति को रिजर्व में रखा गया है। टीम चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हमने अनुभवी टीम चुनी है । विश्व कप क्वालीफिकेशन को देखते हुए एशिया कप हमारे लिए महत्वपूर्ण है लिहाजा हमें दबाव में अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी चाहिए।'



**भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है। भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।**

# क्लच शतरंज नुमाइशी मैचों में विश्वनाथन आनंद की टक्कर कास्पोरोव से, गुकेश का कार्लसन से होगा सामना

**नई दिल्ली।** भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्तूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूनार्मेंट में जगरेब में हुई थी जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की। दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा।



सेंट लुईस शतरंज क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'दो पूर्व विश्व चैम्पियन गैरी कास्पोरोव और विश्वनाथन आनंद विशेष क्लच शतरंज (लीजैंड्स) नुमाइशी मैच (सात से 11 अक्तूबर) में आमने सामने होंगे। यह नुमाइशी मैच क्लब की नयी सुविधा में आयोजित होने वाला पहला मैच होगा।' इसमें 144000 डॉलर ईनामी राशि होगी जो दोनों दिग्गजों के बीच 12 मुकाबलों के शतरंज 960 मैचों (फिशर रैंडम) में दी जायेगी। मुकाबले रैपिड और ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल में खेले जायेंगे। इसके बाद 412000 डॉलर ईनामी राशि का क्लच शतरंज चैम्पियंस शोडाउन 27 से 29 अक्तूबर तक होगा जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन, दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नकामूरा, तीसरे नंबर के फेबियानो कारूआना और गुकेश भाग लेंगे।

# डाइमंड लीग के फाइनल में नीरज चोपड़ा की जगह पक्की, ब्रसेल्स चरण से हटे स्टार एथलीट

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की कर ली है, लेकिन वह शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग सीरीज में इस बार कुल 14 प्रतियोगिताएं हो रही हैं, जिनमें से केवल चार में पुरुष भाला फेंक शामिल है। नीरज ने इनमें से सिर्फ दो चरणों में भाग लिया, लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहे। इससे पहले उन्होंने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी भाग नहीं लिया था।



27 वर्षीय नीरज ने इस सीजन की शुरूआत मई में दोहा डाइमंड लीग से की थी, जहां उन्होंने 90.23 मीटर का शानदार थ्रो कर 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया। हालांकि, वह जर्मनी के जूलियन वेबर से पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद जून में पेरिस डाइमंड लीग में उन्होंने 88.16 मीटर के थ्रो के साथ खिताब अपने नाम किया। नीरज का पिछला टूनार्मेंट 5 जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक रहा, जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास से जीत हासिल की। मौजूदा सीजन में अब तक उन्होंने छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है, जिनमें से चार में खिताब जीता और दो में उपविजेता रहे। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख डाइमंड लीग फाइनल्स में उतरेंगे। वहीं, नीरज चोपड़ा अब अगली बड़ी चुनौती के रूप में 13 से 21 सितंबर तक तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे।

# वीजा विलंब से एथलीट परेशान, विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों का ब्रिटेन अभ्यास दौरा बाधित

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों की अभ्यास के लिये ब्रिटेन यात्रा वीजा मिलने में विलंब के कारण बाधित हो गई है। भारतीय दल को रविवार को कई देशों के अभ्यास शिविर में भाग लेने शेफील्ड जाना था ।चार से 14 सितंबर तक लिवरपूल में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिये यह शिविर अहम माना जा रहा है।



सिर्फ चार महिला मुक्केबाजों और कोचिंग स्टाफ के कुछ सदस्यों को ही वीजा मिल सका और वे ब्रिटेन पहुंचे हैं। दस सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम और छह महिला मुक्केबाज अभी भी एनआईएस पटियाला में हैं और वीजा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इस समय पुरूष मुक्केबाजों के पास सिर्फ एक कोच है क्योंकि मुख्य कोच धर्मेंद्र यादव समेत तीन अन्य कोच शेफील्ड में हैं।

यादव ने कहा, 'हम तीन यहां पहुंच गए हैं लेकिन बाकी पुरूष मुक्केबाज वीजा का इंतजार कर रहे हैं। हमें बुधवार से अभ्यास शुरू करना था लेकिन इसे रद्द करना पड़ा क्योंकि हमें नहीं पता कि वीजा कब मिलेगा और मुक्केबाज यहां कब पहुंचेंगे।' भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के कामकाज का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने कहा कि वह ब्रिटेन में भारतीय दूतावास, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के लगातार संपर्क में है।

समिति के सदस्य अर्जुन मलिक ने कहा, 'लेकिन प्रक्रिया स्वचालित है जिससे किसी भी दखल से विलंब का समाधान नहीं निकल सकता ।हमारी तरफ से पूरी तैयारी है लेकिन तस्वीर साफ होने पर ही बाकी सदस्य बिना विलंब के ब्रिटेन पहुंच सकेंगे ।अभी तक 31 सदस्यीय दल में से 12 सदस्य इंग्लैंड पहुंच पाए हैं।' दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन, मीनाक्षी, पूजा रानी और नुपूर शेरोन ही शेफील्ड पहुंच सके हैं। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन, राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया, एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंदर समेत बाकी अभी पटियाला में ही हैं। शिविर में आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, उजबेकिस्तान, अमेरिका और पोलैंड समेत कई देशों के मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

# सालाह इंग्लिश फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए, महिलाओं में कैल्डेन्टी को अवॉर्ड



**लिवरपूल।** लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह को मंगलवार को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष चुना गया। वहीं, महिलाओं में आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेन्टी ने यह अवॉर्ड जीता।

**मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती।**

इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था।

महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और सभी प्रतियोगिताओं में 19 गोल किए। एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष युवा खिलाड़ी चुना गया, जबकि सबसे अधिक कीमत पर आर्सेनल से जुड़ने वाली कनाडा की स्ट्राइकर ओलिविया स्मिथ ने महिला वर्ग में यह पुरस्कार हासिल किया।

पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे।

रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरूआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

## एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड को जीत दिलाई


फुटबॉल की अन्य खबरों में किलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरूआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की।

# 'गिल के उपकप्तान बनने से सैमसन के लिए प्लेइंग-11 में जगह बना पाना होगा मुश्किल', अश्विन का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का स्क्वॉड घोषित हो चुका है। सबसे ज्यादा चर्चा जिस फैसले की हो रही है, वह है शुभमन गिल की वापसी और उन्हें सीधे टी20 टीम का उपकप्तान बनाए जाने का। इसी को लेकर भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि इस कदम से संजू सैमसन की जगह पर सीधा असर पड़ेगा और वह एशिया कप में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

अश्विन ने साफ कहा कि गिल को उपकप्तान बनाना सिर्फ मौजूदा टूनार्मेंट के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की कप्तानी को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला लगता है। उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि चयनकर्ता शुभमन गिल को भविष्य का कप्तान मान रहे हों। शायद वह सभी फॉर्मेट में कप्तानी करने वाले खिलाड़ी के रूप में देखे जा रहे हों। हालांकि यह जरूरी नहीं कि हर फॉर्मेट में एक ही कप्तान हो।'

अश्विन ने इस फैसले का सीधा असर विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन पर बताया। उनके मुताबिक, 'सबसे दुखद यह है कि जैसे ही गिल को उपकप्तान बनाया गया, सैमसन की जगह खतरे में पड़ गई। इसका सीधा मतलब है कि संजू सैमसन नहीं खेलेंगे। शुभमन गिल जरूर खेलेंगे और ओपनिंग करेंगे।'







### फॉर्म बनाम भविष्य की योजना

यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि सैमसन हाल के महीनों में शानदार लय में रहे हैं। उन्होंने पिछले साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीन शतक जमाए हैं। इसके बावजूद चयनकताओं ने गिल को उपकप्तान बनाकर संकेत दे दिया है कि उनकी प्राथमिकता लंबी अवधि की योजना है, भले ही इसके लिए किसी इन-फॉर्म खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़े। अश्विन की राय साफ करती है कि एशिया कप 2025 में भारत की रणनीति केवल मौजूदा फॉर्म पर आधारित नहीं है। टीम मैनेजमेंट भविष्य की कप्तानी और टीम संरचना पर भी नजर रख रहा है। हालांकि, इस बीच संजू सैमसन जैसे परफॉर्मिंग खिलाड़ी को बाहर बैठना पड़े, तो यह बहस जरूर छिड़ेगी कि चयन में फॉर्म को प्राथमिकता मिलनी चाहिए या भविष्य की तैयारी को।

# सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग के बीच करार, 2028 ओलंपिक से जुड़ा है मामला

**सऊदी अरब।** सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएसीएफ) और डलास स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है।



लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा। यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है।

एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, 'यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं।' सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएसीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

# गाजियाबाद में राजीव गांधी की 81वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वृद्ध आश्रम में आशीर्वाद लिया, मेडिकल कैंप का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय (सेंट्रल मार्केट, पुराना बस अड्डा) पर बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की।

इस मौके पर कार्यकताओं ने राजीव गांधी को कंप्यूटर और टेलीकॉम क्रांति का जनक बताते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने मतदाता की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करने और स्थानीय निकायों में महिलाओं को 33% आरक्षण दिलाने जैसे फैसलों को ऐतिहासिक बताया।

इसके बाद कार्यकर्ता दुहाई वृद्ध आश्रम पहुँचे और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। वहाँ फलों का वितरण भी किया गया। इसके अलावा सेवा नगर में मेडिकल कैंप लगाया गया, जहाँ गरीबों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक के.के. शर्मा, पूर्व प्रत्याशी पुष्पा रावत, वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश त्यागी, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, यूथ अध्यक्ष आसिफ सैफी, महिला जिला अध्यक्ष संगीता त्यागी, मीडिया प्रभारी अश्वनी त्यागी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड-95 में पेयजल संकट : एक साल से खराब पड़ा नलकूप

## पार्षद रुकसाना सैफी ने की रिबोरिंग की मांग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड-95 में पिछले एक वर्ष से अधिक समय से खराब पड़े 30 एचपी नलकूप के कारण क्षेत्रवासियों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। यह नलकूप पी.ए.सी. चौक पर स्थित है और पूरे क्षेत्र की जलापूर्ति का प्रमुख स्त्रोत माना जाता है।

स्थानीय पार्षद रुकसाना सैफी एवं पूर्व पार्षद व कार्यकारिणी सदस्य जाकिर अली सैफी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर नलकूप की रिबोरिंग कराए जाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि नलकूप खराब होने की सूचना कई बार नगर निगम के अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। क्षेत्र के कैला भट्टा समेत घनी आबादी वाले इलाकों में पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। हालात यह हैं कि लोग मजबूरी में दूर-दराज से पानी खरीदकर ला रहे हैं। पार्षद के अनुसार, स्थानीय निवासी समय पर जलकर जमा करते हैं, फिर भी उन्हें इस मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।

रुकसाना सैफी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नलकूप की रिबोरिंग नहीं कराई गई, तो जनता का आक्रोश और बढ़ सकता है। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि जनहित में इस समस्या को प्राथमिकता देते हुए तुरंत कार्रवाई की जाए।




### फ्लावर पोलिटिक्स लखनऊ और दिल्ली से चलती है

फूल वालों के यहां सब कुछ कूल नहीं चल रहा है। हालांकि कूल तो पहली पारी में भी कुछ नहीं रहा और कूल दूसरी पारी में भी कुछ नहीं है। सरकार के मंत्री ने कहा कि अफसर उनकी छवि खराब कर रहे हैं। सरकार के विधायक ने मिश्र जी के खिलाफ मोर्चा खोला और सीन ये है कि एक दूसरे की काट करने के चक्कर में फूल वाले लैंग पूलिंग का शिकार हो रहे हैं। वो इस नारे पर जीते थे कि कटोगे तो बंटोगे। लेकिन वो खुद बंट भी गये और कट भी गये। आलम ये है कि यहां की बातें लखनऊ तक पहुंच रही हैं और किस्सा फूल वालों की गली से निकला है। बताते हैं कि किसी देवतुल्य को लेकर किसी नेता जी की जुबान थोड़ी हार्ड हो गई। सबको लग रहा था कि देवतुल्य पोलाईट पड़ेंगे। लेकिन उन्होंने तो लीडर को ही पोलिटिक्स सिखा दी। साफ कह दिया कि ये नई हवा है और इस हवा में फ्लावर पोलिटिक्स तेरे घर से नहीं चलती है। हमारी पोलिटिक्स लखनऊ और दिल्ली से चलती है और हमें मत बताना तुम क्या हो। हम देख चुके हैं कि संगठन से लेकर सरकारी दफ्तरों में तुम्हारी कितनी चलती है।

### वो थी हमारी बगावत और ये है हमारी अदावत

यूथ पंडित जी बागी होकर वार्ड का चुनाव लड़े और यहां उनकी बगावत ने उनका जलवा दिखा दिया था। मोहल्ले वाले तो आज भी कहते हैं कि अगर मनु जी ने हाथी की सवारी कर ली होती तो वो नगर निगम में वार्ड की समस्या रख रहे होते। ऐसा नहीं हुआ और उनकी पार्टी में वापसी हुई। लेकिन बगावत वाले इस युवा की अदावत जश्न-ए-आजादी के दिन भी दिखाई दी। सीधी सी बात है कि अगर तुझसे बगावत है तो है और हमारी ये अदावत है तो है। कमल वालों के यहां कमाल ये था कि जब वार्ड में तिरंगा फहराया गया तो वार्ड के पार्षद को ही नहीं बुलाया गया। फ्लाईट लेफिटेनेंट आ गये, पूर्व पार्षद आ गये और कमाल तो तब हुआ जब उस वार्ड से भगवा पार्षद इस वार्ड में तिरंगा लहराने आ गये। एक बिरादरी एक पार्टी मगर एक की टीआरपी ऐसी कि उन्हें दूसरे वार्ड से बुलाया गया और एक की टीआरपी ऐसी कि उन्हें अपनी ही वार्ड में नहीं बुलाया गया। फूल वालों ने गले में माला भी पहनी, तिरंगा भी लहराया। मगर मोहल्ले का पार्षद ना नजर आया और सुना है ना ही मोहल्ले वालों ने उसे बुलाया।

### उन्हें आरटीआई लगाकर मांगने चाहिए रामलीला के पास

पूर्व पार्षद का अंदाज भी निराला है। वो अध्यक्ष तो आर्य समाज के हैं और चुनाव लड़े रामलीला कराने के लिए महामंत्री का। सुना है कि वो हर बात में आरटीआई लगा देते हैं और इस बार भी उन्होंने आरटीआई लगाकर रामलीला वालों से हिसाब किताब मांगा। अब रामलीला वाले ही उनकी इस आरटीआई अदा पर चुटकी ले रहे हैं। वो कह रहे हैं कि शायद उन्हें पता नहीं कि वो तो खुद समिति के सदस्य हैं, मतदाता है और अगर वो हमसे ऐसे ही हिसाब मांग लेते तो हम उन्हें वैसे ही बता देते। अगर उन्हें आरटीआई का इतना ही शौक है तो हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब वो रामलीला मंचन के पास आरटीआई लगाकर मांगेगें। उन्हें हम से सूचना के अधिकार के तहत ये पूछना चाहिए कि हमने कितने पास छपवाये, कितने पास बांटे और कितने पास हमारे पास बचे हुए हैं। कमेटी मैम्बर ने तफरी में ये भी कह दिया कि अगर वो आरटीआई के तहत झूले के पास मांगेगें तो हम पास उनके घर देकर आयेंगे।

# एल आई जी और ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण न करने वाले विकासकर्ताओं पर होगा एक्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ऐसे उन तमाम बिल्डरों पर एक्शन की तैयारी में जुट गया है जिनके द्वारा हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप से जुड़ी डी पी आर मंजूर कराने के दौरान एल आई जी और ई डब्ल्यू एस भवन बनाने का वायदा किया , लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी एल आई जी और ई डब्ल्यू एस भवनों का निर्माण नहीं किया, ऐसे तमाम बिल्डरों की प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के निर्देश पर अधिकारियों के द्वारा सभी जोन में पड़ताल तेज कर दी गयी है । पड़ताल के दौरान ई डब्ल्यू एस और एल आई जी भवनों का निर्माण न करने वाले बिल्डरों पर एक्शन लेते हुए उनकी बैंक गारंटी को जब्त करने के साथ ही कड़ा एक्शन लिया जाएगा । प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने इसके लिए सभी प्रवर्तन अनुभाग के अधीनस्थ अधिकारियों को नियोजन अनुभाग से प्राथमिकता पर हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप से जुड़े बिल्डरों का रिकॉर्ड प्राप्त करते हुए जांच करने के सख्त आदेश दिए हैं और इस कड़ी में हाल ही में प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा बैठक भी की गई थीं , इस बैठक के दौरान ये भी सामने आया था कि ई डब्ल्यू एस और एल आई जी भवनों के निर्माण की कई बिल्डरों के प्रोजेक्ट में धीमी गति है कुछ बिल्डरों के द्वारा तय समय अवधि बीतने के बाद भी ईडब्ल्यूएस और एलआईजी भवनों का निर्माण शुरू ही नही किया गया है। इसके साथ साथ प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा हाल ही में की गई बैठक के दौरान दिए गए आदेशों के क्रम में निजी विकासकताओं के द्वारा विकसित टाउनशिप की भौतिक स्थिति को जानने के लिए प्राधिकरण के जोन पाँच के अंतर्गत एस एम बी समूह के द्वारा विकसित शौर्यपुरम योजना में ड्रोन सर्वे की शुरूआत कराई गई , भौतिक स्थिति की रिपोर्ट सामने आने के बाद निजी विकासकताओं के द्वारा डीपीआर मंजूर कराने के दौरान जो प्रोजेक्ट में विकास कार्य कराने का उल्लेख किया गया था वह कहाँ तक पूरे किये गए जल्द सामने होगा ।



# गाजियाबाद में खुशी की लहर, पंजाब सरकार ने पूरी की स्वर्णकार समाज की पुरानी मांग

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पंजाब सरकार द्वारा स्वर्णकार समाज के लिए स्वर्णकार भलाई बोर्ड बनाए जाने के निर्णय पर समाज में खुशी की लहर है। इस मौके पर अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ (3545) ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का आभार जताया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोजर सिंह केड़ा तथा राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वर्णकार समाज लंबे समय से भलाई बोर्ड की मांग कर रहा था, जिसे पंजाब सरकार ने पूरा किया है। इसके लिए पूरा समाज मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का हृदय से आभार प्रकट करता है।

पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से समाज के आर्थिक व सामाजिक उत्थान में मदद मिलेगी। साथ ही समाज में सहयोग और सेवा की भावना और मजबूत होगी।

# शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली समेत 31 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने आज गाजियाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण, और वित्तविहीन शिक्षकों को समान वेतनमान देने जैसी कुल 31 मांगें शामिल हैं। शिक्षक संघ का कहना है कि वे अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे प्रदेश भर के शिक्षकों में गहरा रोष और निराशा है। आज इसी नाराजगी को व्यक्त करने के लिए जिले के शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना दिया और ज्ञापन सौंपा।

**प्रमुख मांगें :** शिक्षकों ने मांग की है कि चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 और 21 को फिर से बहाल किया जाए और नई शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक 2023 की धारा 11(6) को हटाया जाए।

# अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा करेगी 5 अक्टूबर को अलंकरण समारोह का आयोजन

## तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा की ओर से 5 अक्टूबर को दीपावली मिलन व प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान त्यागी बिरादरी के मेधावी छात्राओं और प्रतिभावान खिलाड़ी एवं उभरते कलाकारों एवं अन्य क्षेत्रों में विशेषज्ञों को सम्मानित किया जाएगा। त्यागी ब्राह्मण सभा के जिला उपाध्यक्ष संदीप त्यागी के निवास पर शाहपुर में आयोजित बैठक में तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई। उपाध्यक्ष संदीप त्यागी ने बताया कि संगठन की ओर से हर साल दीपावली मेला एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाता है। इस बार इस समारोह में छात्रों के अलावा प्रतिभावान खिलाड़ी एवं अन्य कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में पूर्व महानगर अध्यक्ष विजेंदर त्यागी मकनपुर, पूर्व अध्यक्ष सुरेश त्यागी फिरोजपुर, वर्तमान जिला अध्यक्ष मनोज त्यागी सिहानी, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी खरखोदा ने कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं को तीन वर्गों में बांटा गया है जिनमें यूपी बोर्ड से 70, सीबीएसई से 80 और आईसीएसई की बोर्ड से 75 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा स्नातक एवं स्नातक उत्तर में 65% से ज्यादा अंक लाने वाले छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा । इस मौके पर मुकेश त्यागी मकनपुर, राजीव त्यागी जूलेड़ा, सुनील त्यागी मोरटा, मंगू त्यागी बाबा सुरेश चंद त्यागी, देवेंद्र त्यागी प्रवीण मुखिया, महेश त्यागी, शमी त्यागी, महेश चंद्र, बृजेश त्यागी, कुलदीप त्यागी, बृजेंद्र त्यागी, सीरत त्यागी, अनुज त्यागी, राघव त्यागी आदि उपस्थित थे।

# गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई बस, 15 यात्री घायल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में हुए एक सडक हादसे में 15 लोग घायल हो गए। वेवसिटी थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर सन सिटी गेट के सामने बुधवार की अलसुबह साढ़े चार बजे यह हादसा हुआ। हल्द्वानी से आ रही एक निजी बस डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें बस चालक, परिचालक व 15 यात्री घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गयी।

दुर्घटना के समय अधिकांश यात्री सीट पर सो रहे थे। अचानक झटका लगने से सवारियों के सिर सामने वाली सीटों के पाइप से टकरा गए। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची वेव सिटी पुलिस ने घायल यात्रियों का निजी अस्पताल में उपचार कराया। सभी घायलों को प्रथम उपचार देकर छुट्टी दे दी गई है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि चालक को नींद की झपकी आने से हादसा होने की जानकारी हुई है। बस कब्जे में ले ली गई है। यात्रियों का उपचार कराकर गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है।




## अंग्रेजों के समय की लाइन में चल रहा है काम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों निर्माण कार्य और कार्यालयों को सुधारने का काम तेजी से चल रहा है। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने जानकारी दी है कि अंग्रेजों के समय की पुलिस वाली लाइन में इन दिनों बदलाव वाला कार्य चल रहा है। जहां पर वर्तमान में खुफिया वालों का दफ्तर है और कई अन्य प्रमुख सेल हैं। सूत्र बता रहे हैं कि लाइन के बराबर वाले परिसर में उनके साहब से लेकर उनकी अलग-अलग सेल के पुराने कार्यालय इतने जर्जर हो चुके थे कि वहां कभी भी हादसा हो चुका था। हल्की सी बारिश में पानी टपकने लगता था ,तो ज्यादा बारिश होने पर कमरे डूब जाते थे। ऐसे में ध्यान रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने इस ओर ध्यान दिया है और अब अंग्रेजों के जमाने की पुलिस लाइन में काम चल रहा है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों लोकल खुफिया वाले विभाग जमकर चर्चाओं में रहे हैं। कभी उनके फेलियर सुनाई दिए तो कभी काम तमाम वाली जानकारी भी बाहर आई हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत सुधारने का काम चल रहा है, ऐसे में अधिकारी इन दिनों कार्यालयों और सिस्टम को सुधारने में लगे हुए हैं। वहीं कर्मचारियों को भी बेहतर व्यवहार कार्य करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उधर पुरानी अंगेजों के समय वाली लाइन में कई अन्य और कार्यालय भी हैं, जहां पर निर्माण का कार्य चल रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जिस तरीके से पुलिस ऑफिस के साथ ही नदिया पार के कई थानों का नया रूप जल्द ही देखने को मिलेगा। तो सिटी के भी कई थानों में तैयारी शुरू कर दी गई है। तो वहीं जिस तरीके से पुरानी लाइन का भी कायाकल्प किया जा रहा है, तो नई लाइन में भी इन दिनों बड़े स्तर पर काम चल रहा है। लाइन वाले साहब का कार्यालय रिनोवेट हो चुका है। तो मुख्य कार्यालय का काम भी तेजी से चल रहा है। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में निर्माण कार्य हाई स्पीड गति से नजर आ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय और साहब का दफ्तर बनकर तैयार है। तो उसकी रौनक, चमक और लाइटिंग दूर से नजर आ रही है। वहीं पुलिसकर्मियों के व्यवहार और आने वाले मेहमानों के स्वागत का अंदाज भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बदला बदला सा नजर आने लगा है।




# चादर गैंग का 20000 का इनामी आसामी गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम और इंदिरापुरम पुलिस ने लंगड़ा कर दबोचा

### इंदिरापुरम घड़ी शोरूम में हुई चोरी में थी पुलिस को थी आरोपी की तलाश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पुलिस और क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम द्वारा बुधवार को कनवानी पुलिया के निकट चेकिंग के दौरान घड़ी शोरूम में चोरी के मामले में फरार चल रहे हैं 20 हजार के इनामी बदमाश संतोष जैयसवाल उर्फ आसामी निवासी मधेश प्रदेश नेपाल 24 वर्ष को मुठभेड़ के बाद गोली मारकर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसके पास से एक घड़ी इंदिरापुरम थाने से चोरी की मोटरसाइकिल और तमंचा कारतूस जप्त किया है। पुलिस को इसकी लंबे समय से तलाश थी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि पिछले साल अगस्त माह में हुई लाखों रुपए की घड़ी चोरी के मामले में आरोपी की तलाश पुलिस कर रही थी।

### अब तक एक दर्जन आरोपी जा चुके हैं जेल

**करंट क्राइम :** घड़ी शोरूम में चोरी के मामले में पुलिस अबतक एक के बाद एक कई आरोपियों को मुठभेड़ और इंटेलीजेंस के जरिए गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस इस मामले में अब तक एक दर्जन के आसपास आरोपियों को निशाना बना चुकी है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बतासया हैकि आरोपी संतोष जैयसवाल उर्फ आसामी को गिरफ्तार करने के लिए स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के प्रभारी अनिल राजपूत और इंदिरापुरम थाना पुलिस लगातार प्रयास में थी, जिसमें दोनों को सफलता मिली है।

## गाजियाबाद के शालीमार गार्डन में चाकूबाजी, एक घायल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मामूली बात को लेकर दो लोगों के बीच चाकूबाजी की घटना हो गई। चाकूबाजी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, शालीमार गार्डन थाने के पास स्थित एवन फर्नीचर शॉप में एक व्यक्ति सामान लेने पहुंचा। सामान की कीमत को लेकर उसकी शॉप मालिक से झगडा हो गया। इस पर एक पक्ष की ओर से चाकू से हमला कर दिया गया। इस हमले में नवाजिश नामक एक युवक घायल हो गया। घायल को श्रेया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** तीन फेस और तीनों का सियासत में अपना-अपना बेस। पूर्व मेयर आशु वर्मा, पूर्व मेयर आशा शर्मा और वर्तमान में मेयर सुनीता दयाल एक साथ एक टेबल पर है। तीनों के बीच क्या गुफ्तगू हुई होगी इसको लेकर फोटो से क्या लग रहा है। दो पूर्व मेयर और एक मौजूदा मेयर की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# नेतन्याहू का गाजा के लिए नया प्लान, हमास के खिलाफ चलेगा बड़ा सैन्य अभियान, युद्धविराम में जुटे वातार्कार

**यरूशलम ।** जानकारी के मुताबिक, इस्राइली सेना पहले से ही जैतून और जबालिया इलाकों में तैनात है। मामले में एक अधिकारी ने कहा कि ये अभियान की भूमिका तैयार करने का काम है। यह ऑपरेशन अगले कुछ दिनों में शुरू हो सकता है। इस्राइली सेना ने बुधवार को बताया कि देश के रक्षा मंत्री ने गाजा सिटी के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में नई कार्रवाई को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 60,000 नए रिजर्व सैनिकों को बुलाया जाएगा और 20,000 पहले से तैनात रिजर्व सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई जाएगी। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, गाजा सिटी के उन हिस्सों में अभियान चलाया जाएगा जहां अब तक इस्राइल ने जमीनी कार्रवाई नहीं की है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य हमास का भूमिगत सुरंग नेटवर्क है।



मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यह नया सैन्य अभियान गाजा में पहले से बिगड़े हालात को और गंभीर कर देगा। गाजा की बड़ी आबादी पहले ही विस्थापित है। कई मोहल्ले पूरी तरह खंडहर में बदल चुके हैं। लोग अकाल और भुखमरी के खतरे का सामना कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू लगातार कह रहे हैं कि युद्ध का मुख्य लक्ष्य बाकी बचे बंधकों की रिहाई के साथ-साथ हमास और अन्य उग्रवादियों को हमेशा के लिए इस्राइल पर हमला करने से रोकना है। लेकिन अब युद्ध को लेकर इस्राइल के अंदर भी असंतोष बढ़ रहा है। इसे लेकर थके हुए रिजर्व सैनिक सवाल उठा रहे हैं कि सरकार राजनीतिक कारणों से युद्ध को लंबा खींच रही है। वहीं बंधकों के परिजन और पूर्व सुरक्षा अधिकारियों ने भी नए अभियान का विरोध किया है। उनका कहना है कि इससे गाजा में फंसे लगभग 50 बंधकों की जान खतरे में पड़ सकती है, जिनमें से केवल 20 के जिंदा होने की पुष्टि है।

**इस्राइल ने गाजा सिटी में एक और बड़े सैन्य अभियान की तैयारी तेज कर दी है। यह अभियान आने वाले कुछ दिनों में शुरू हो सकता है। वहीं दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष विराम की कोशिशें जारी हैं ताकि 22 महीने से चल रहे युद्ध को खत्म किया जा सके**

संघर्षविराम की कोशिशें इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग को लेकर मिस्र की राजधानी काहिरा में मध्यस्थता जारी है। हमास का कहना है कि वह स्थायी सीजफायर और इस्राइली वापसी के बदले ही बंधकों को छोड़ेगा। हालांकि, नेतन्याहू बार-बार साफ कह चुके हैं कि हमास की पूरी हार के बिना कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। पूर्व शिन बेट (इस्राइली खुफिया एजेंसी) प्रमुख योराम कोहेन ने कहा।

# यूक्रेन नहीं जाएंगे अमेरिकी सैनिक, व्हाइट हाउस ने बताया राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर क्यों लगाया प्रतिबंध

**यूक्रेन ।** व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन की जंग में अमेरिकी सैनिकों को सीधे मैदान में नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका सुरक्षा गारंटी देने के दूसरे रास्तों पर विचार कर रहा है, जिनमें हवाई मदद भी शामिल हो सकती है।

'सैनिक नहीं जाएंगे, लेकिन मदद जारी रहेगी' कैरोलिन लेविट ने प्रेस ब्रीफिंग में आगे कहा, 'राष्ट्रपति ने साफ कहा है कि अमेरिकी सैनिक यूक्रेन की जमीन पर कदम नहीं रखेंगे। लेकिन अमेरिका यूरोपीय सहयोगियों के साथ मिलकर अन्य सुरक्षा विकल्प उपलब्ध कराने पर विचार करेगा। सुरक्षा गारंटी स्थायी शांति के लिए बेहद जरूरी हैं और इसी दिशा में राष्ट्रपति ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को काम करने का निर्देश दिया है।'

हवाई सुरक्षा विकल्प भी खुले- कैरोलिन लेविट वहीं जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या 'हवाई मदद' भी सुरक्षा




गारंटी का हिस्सा हो सकती है, इस पर कैरोलिन लेविट ने कहा, 'यह विकल्प भी खुला है। मैं कुछ खारिज नहीं करूंगी। राष्ट्रपति के पास तमाम सैन्य विकल्प मौजूद हैं। लेकिन एक बात तय है- अमेरिकी सैनिक जमीनी स्तर पर यूक्रेन में नहीं जाएंगे।' नाटो से हथियार खरीदेगा यूक्रेन इस दौरान पत्रकारों ने जब अमेरिकी टैक्सपेयर्स के पैसे की चिंता जताई, तो व्हाइट हाउस प्रेस सचिव ने कहा कि ट्रंप ने नया फामूर्ला निकाला है। 'राष्ट्रपति अमेरिकी करदाताओं का बोझ नहीं बढ़ाना चाहते। इसलिए उन्होंने समाधान दिया कि नाटो अमेरिकी हथियार खरीदे और उसे यूक्रेन को उपलब्ध कराए। अमेरिकी हथियार दुनिया में सबसे बेहतरीन हैं। इसी से यूक्रेन की जरूरत पूरी की जाएगी।'

ट्रंप-पूतिन-जेलेंस्की संवाद की कोशिश कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच सीधी बातचीत शुरू कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

# कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति को किया गया रिहा, भ्रष्टाचार मामले में फैसला आने तक अदालत ने दी राहत

**बोगोटा ।** कोलंबिया की अपील अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे को बड़ी राहत दी है। अदालत ने कहा है कि उरीबे को रिश्वतखोरी और गवाहों से छेड़छाड़ के मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देने तक रिहा किया जाना चाहिए। उरीबे को एक अगस्त को 12 वर्ष की नजरबंदी की सजा सुनाई गई थी। उन पर 1990 के दशक में दक्षिणपंथी अर्धसैनिक समूह से संबंध होने, गवाहों को धमकाने और उन्हें गुमराह करने का प्रयास करने का आरोप था।

उरीबे ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने सुपीरियर ट्रिब्यूनल में दोषसिद्धि के खिलाफ अपील की है। अदालत को इस मामले पर अपना अंतिम फैसला अक्टूबर के मध्य तक



सुनाना है। ट्रिब्यूनल ने मंगलवार को कहा कि उसने उरीबे की बचाव टीम द्वारा दायर उस निषेधाज्ञा को मंजूरी दी है, जिसमें उन्हें नजरबंदी से रिहा करने की मांग की गई थी। उरीबे के वकीलों ने तर्क दिया कि उनके खिलाफ गिरफ्तारी के आदेश से उनके उचित प्रक्रिया के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। साथ ही निर्दोषता की धारणा के उनके अधिकार का भी उल्लंघन हुआ है।

# बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होंगे आम चुनाव कानून सलाहकार बोले- अंतरिम सरकार तैयारियों में जुटी

**बांग्लादेश ।** अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के समय के बारे में बयान देना राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है। आपने यह हमेशा देखा है। बांग्लादेश में पारंपरिक रूप से ऐसे राजनीतिक बयान दिए जाते रहे हैं और अब भी यही हो रहा है। इस विमर्श में कोई बड़ा गुणात्मक परिवर्तन नहीं आया है। इसलिए चुनाव के समय के बारे में जो कुछ भी कहा जाता है, उसे राजनीतिक प्रक्रिया के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए।

नजरुल ने कहा कि चुनाव कराने की जिम्मेदारी सरकार की है, किसी



**बांग्लादेश में आम चुनाव फरवरी 2026 में ही होंगे। अंतरिम सरकार ने चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। अंतरिम सरकार के कानून सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा कि सरकार फरवरी में आम चुनाव कराने की प्रतिबद्धता पर अडिग है। सरकार चुनाव की सभी तैयारियों के साथ आगे बढ़ रही है। चुनाव फरवरी में होंगे और इस पर सरकार का रुख अटल है**

राजनीतिक दल की नहीं। सरकार की ओर से हम स्पष्ट शब्दों में कह रहे हैं कि चुनाव फरवरी में पूरे हो जाएंगे। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस वैश्विक स्तर पर सम्मानित व्यक्ति हैं और उनकी प्रतिबद्धता से भटकने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि चुनाव घोषित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे। उनका यह बयान ऐसे वक्त में आया है कि जब हाल ही में नेशनल सिटीजन पार्टी के नेताओं ने बयान दिया था कि अगले साल फरवरी में चुनाव बिना महत्वपूर्ण सुधारों और अंतरिम सरकार द्वारा शुरू किए गए मुकदमों के पूरा होने के बिना होने की संभावना को खारिज कर दिया गया था। पिछले साल अवामी लीग की गिर गई थी सरकार जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था।

# मेरे स्वर्ग जाने की संभावना बढ़ जाएगी किस मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कही ये बात

**अमेरिका ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यूक्रेन युद्ध को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर वे रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराने में सफल हो जाते हैं, तो शायद उनकी स्वर्ग जाने की संभावना बढ़ जाएगी। मंगलवार को अमेरिकी टीवी चैनल से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'मैं कोशिश कर रहा हूं कि स्वर्ग जा सकूं। मैंने सुना है कि मेरी हालत अच्छी नहीं है, मैं तो सबसे नीचे हूं। लेकिन अगर मैं यह काम कर पाता हूं तो शायद यह वजह बनेगी कि मुझे भी स्वर्ग का रास्ता मिल जाए।' नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत डोनाल्ड ट्रंप पहले भी कह चुके हैं कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करना चाहते



हैं और इसके लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। उनका मानना है कि शांति समझौते की पहल न केवल दुनिया के लिए महत्वपूर्ण होगी, बल्कि उनके राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में भी एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी।

ट्रंप और धर्म की ओर रुझान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का जीवन विवादों से भरा रहा है। उन्होंने तीन बार शादी की, दो बार महाभियोग का सामना कर चुके और हाल ही में आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए ट्रंप को अक्सर आलोचना झेलनी पड़ी है। यह मामला एक एडल्ट स्टार को चुप्पी साधने के लिए दी गई रकम से जुड़ा था। फिर भी, पिछले साल हुए हत्या के प्रयास से बचने के बाद ट्रंप का धार्मिक झुकाव और गहरा हो गया है। जनवरी में अपने शपथग्रहण के दौरान उन्होंने कहा था, 'भगवान ने मुझे बचाया है ताकि मैं अमेरिका को फिर से महान बना सकूं।' धार्मिक समुदाय का बढ़ता समर्थन अमेरिका का धार्मिक तबका, खासकर ईसाई दक्षिणपंथी समूह, ट्रंप के साथ मजबूती से खड़ा है।

# ट्रंप प्रशासन की खुफिया विभाग के अफसरों पर बड़ी कार्रवाई, 37 अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द

**अमेरिका ।** फलस्तीन को मान्यता देने के बाद ऑस्ट्रेलिया और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया है। इस्राइल लगातार ऑस्ट्रेलिया के इस कदम का विरोध कर रहा है। इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज पर आरोप लगाया कि वे एक कमजोर राजनेता हैं। उन्होंने इस्राइल को धोखा दिया है। अल्बनीज ने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने नेतन्याहू को जवाब दिया कि मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं। मैं उनके साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करता हूं।

ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 11 अगस्त को एलान किया था कि ऑस्ट्रेलिया भी फलस्तीन को मान्यता



देगा। इसके बाद इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इतिहास अल्बानीज को उनके व्यक्तित्व के लिए याद रखेगा। एक कमजोर राजनेता जिसने इस्राइल को धोखा दिया और ऑस्ट्रेलिया के यहूदियों को त्याग दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने कहा कि मैं इन बातों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। वैश्विक चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग हिंसा के चक्र का अंत देखना चाहते हैं। इसे हम बहुत लंबे समय से देखते आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई भी यही देखना चाहते हैं।

इस्राइली सांसद का वीजा रद्द आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया आ रहे नेतन्याहू के गठबंधन के सदस्य दक्षिणपंथी इस्राइली सांसद सिमचा रोथमैन का वीजा रद्द कर दिया। बर्क ने नेतन्याहू पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैसा हमला करने का आरोप लगाया, जैसा उन्होंने फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन के खिलाफ किया था। बर्क ने इस बात से इनकार किया कि अल्बनीज कमजोर हैं।

# फलस्तीन को मान्यता देने पर ऑस्ट्रेलिया-इस्राइल में तनाव, अल्बनीज ने खारिज किए नेतन्याहू के आरोप

**ऑस्ट्रेलिया ।** अल्बनीज ने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने नेतन्याहू को जवाब दिया कि मैं अन्य देशों के नेताओं के साथ सम्मान से पेश आता हूं। मैं उनके साथ कूटनीतिक तरीके से बातचीत करता हूं।

ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 11 अगस्त को एलान किया था कि ऑस्ट्रेलिया भी फलस्तीन को मान्यता देगा। इसके बाद इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि इतिहास अल्बानीज को उनके व्यक्तित्व के लिए याद रखेगा। एक कमजोर राजनेता जिसने इस्राइल को धोखा दिया और ऑस्ट्रेलिया के यहूदियों को त्याग दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने कहा कि मैं इन बातों को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेता। वैश्विक चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि लोग हिंसा के चक्र का अंत देखना चाहते हैं। इसे हम बहुत लंबे समय से देखते आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई भी यही देखना चाहते हैं।



इस्राइली सांसद का वीजा रद्द आस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया आ रहे नेतन्याहू के गठबंधन के सदस्य दक्षिणपंथी इस्राइली सांसद सिमचा रोथमैन का वीजा रद्द कर दिया। बर्क ने नेतन्याहू पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैसा हमला करने का आरोप लगाया, जैसा उन्होंने फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के मुद्दे पर ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन के खिलाफ किया था। बर्क ने इस बात से इनकार किया कि अल्बनीज कमजोर हैं। बर्क ने कहा कि ताकत इस बात से नहीं मापी जाती कि आप कितने लोगों को उड़ा सकते हैं या कितने बच्चों

**फलस्तीन को मान्यता देने के बाद ऑस्ट्रेलिया और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया है। इस्राइल लगातार ऑस्ट्रेलिया के इस कदम का विरोध कर रहा है। इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज पर आरोप लगाया कि वे एक कमजोर राजनेता हैं। उन्होंने इस्राइल को धोखा दिया है**

को भूखा छोड़ सकते हैं। आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने नेतन्याहू सरकार पर इस्राइल को अलग-थलग करने का आरोप लगाया। ऑस्ट्रेलियाई ज्यूरी की कार्यकारी परिषद के सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलेक्स राइवचिन ने कहा कि यहूदी समुदाय दोनों देशों के बीच तेजी से बिगड़ते संबंधों से बहुत परेशान और चिंतित है ऑस्ट्रेलियाई यहूदियों को ऐसा नहीं लगता कि अल्बानियाई सरकार ने उन्हें छोड़ दिया है। उन्होंने नेतन्याहू के आरोपों को खारिज कर दिया।

# बस दुर्घटना में ईरान से लौट रहे 70 से ज्यादा अफगानियों की मौत मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान में एक भीषण बस दुर्घटना में 79 अफगानियों की मौत हो गई। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया हादसा तब हुआ जब बस ईरान से लौट रही थी। उन्होंने बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं।

अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं।




उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना मंगलवार रात लगभग 8:30 बजे स्थानीय समयानुसार हेरात प्रांत में हुई। बस की टक्कर एक ट्रक और एक मोटरसाइकिल से हो गई, जिससे भीषण आग लग गई और कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

गौरतलब है कि ईरान और पाकिस्तान उन विदेशियों को निकाल रहे हैं जो उनके अनुसार वहाँ अवैध रूप से रह रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में लगभग 18 लाख अफगानों को ईरान से जबरन वापस भेजा गया है। इस साल की शुरूआत से अब तक पाकिस्तान से 1,84,459 और तुर्की से 5,000 से ज्यादा लोगों को वापस भेजा जा चुका है। इसके अलावा, लगभग 10,000 अफगान कैदियों को वापस भेजा जा चुका है, जिनमें से ज्यादातर पाकिस्तान से हैं। तालिबान ने जुलाई में अफगानों के बड़े पैमाने पर निष्कासन के लिए पड़ोसी देशों की आलोचना की थी।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनीं आम लोगों की समस्याएं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रत्येक जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया।

उन्होंने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस संबंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होंने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं के निदान हेतु आये प्रार्थियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनें, समझें और उसके पश्चात गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, इसके साथ ही सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें।

## हिंडन नदी की सफाई पर भी हुई चर्चा

### हिंडन रिवर को स्वच्छ करने के विषय पर भी हुई चर्चा



**करंट क्राइम।** इस दौरान यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने व बारिश के चलते बाढ़ संबंधित व्यवस्थाओं और स्थिति का नोडल अधिकारी/ एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट से जानकारी प्राप्त की गयी। जिस पर अवगत हुए कि जनपद में बाढ़ संबंधित अभी कोई खतरा नहीं है। यदि भविष्य में इससे संबंधिज कोई मामला होता है तो बचाव संबंधित हमारी तैयारियां पूर्ण हैं। इस दौरान लालकुआं के पुल के नीचे बारिश से होने वाले जल भराव व नेशनल हाईवे से संबंधित शिकायत में एनएच के पदाधिकारियों व नगर निगम से वार्ता करने की बात कहीं। जनसुनवाई के दौरान हिंडन नदी को प्रत्येक स्तर पर साफ-स्वच्छ बनाने के विषय पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जब तक बड़े स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तब तक हम छोटे-छोटे स्तर पर हिण्डन नदी को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का प्रयास कर ही सकते हैं। मेरा मानना है कि इस प्रयास से हिण्डन नदी की स्वच्छता व सुन्दरता में काफी सुधार आयेगा। जनसुनवाई के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह, जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष कुमार उपाध्याय, एडीएम लोनी श्री दीपक, ज्यांइट मजिस्ट्रेट अयान जैन व एसीएम राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# पति ने पत्नी पर बनाया 'नोरा फतेही' जैसा दिखने का दबाव

## जिम न जाने पर खाना-पीना बंद कर करता था प्रताड़ित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें पति-पत्नी को नोरा फतेही जैसी दिखने की जिद के लिए कई कई दिन तक खाना नहीं देता था। जिम नहीं करने पर वह उसको प्रताड़ित करता था। साथ ही मारपीट और परेशान करने का भी आरोप महिला द्वारा लगाया गया है। गाजियाबाद मुरादनगर में रहने वाली एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर यह गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसका पति जो मेरठ का रहने वाला है और सरकारी



### महिला थाने में मुकदमा दर्ज, पुलिस मामले की जांच में जुटी

फिजिकल एजुकेशन टीचर है, वह उसे रोजाना तीन-तीन घंटे जिम करने के लिए मजबूर करता था। पति केवल यह चाहता था कि उसकी पत्नी बिल्कुल बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही जैसी दिखे। पीड़ित महिला का आरोप है कि अगर वह जिम में जाती और थकान की वजह से मना कर देती थी, तो कई-कई दिनों तक पति उसे खाने को नहीं देता था।

### पत्नी की करता था पिटाई और खाना-पीना कर देता था बंद



**करंट क्राइम :** इस मामले में पीड़ित महिला का आरोप है कि उसको मारता पीटता था बल्कि कई कई दिनों तक जिम न करने की बात खाना नहीं देता था। वह उसको फिजिकल रूप से परेशान करने के साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहा था।

### मई 2025 में 75 लाख रुपए खर्च कर हुई थी शादी

**करंट क्राइम :** इस मामले में पीड़ित महिला ने जानकारी दी है कि मार्च 2025 में उसकी शादी हुई थी। 75 लाख रुपए परिवार वालों ने शादी के लिए खर्च किए। दहेज में महिंद्रा स्कार्पियो, नगदी और गहने सहित सब कुछ दिया गया था लेकिन उसके बावजूद पति और ससुराल वाले मांग खत्म नहीं कर रहे थे। पीड़िता ने बताया कि उसका पति दूसरी महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें देखा करता था, बल्कि विरोध करने पर उसके साथ मार-पीट भी करता था। मामला महिला थाना पहुंचे जहां काउंसलिंग पर बात नहीं बनने पर पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

# सीएम रेखा गुप्ता पर हुआ हमला घोर निंदनीय : अनिल अग्रवाल सांवरिया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की दिल्ली चेयरमैन रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़ी निंदा की जा रही है। इस मामले में अनिल अग्रवाल सांवरिया ने बयान जारी कर कहा कि यह अमानुषिक हमला अपराधियों की वीभत्स मानसिकता और कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अपराधी यह न समझें कि हमला करके बच जाएंगे। जिस किसी के इशारे पर यह जघन्य कृत्य किया गया है, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकार से भी मांग की गई है कि इस कुकृत्य का पर्दाफाश करने में कोई कमी न छोड़ी जाए। अनिल अग्रवाल ने इसे घोर निंदनीय करार देते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गाजियाबाद में बिना रजिस्ट्रेशन के श्वान रखने पर होगी सख्त कार्रवाई

## आम्रपाली विलेज सोसायटी इंदिरापुरम में चला अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ने बिना रजिस्ट्रेशन और वैक्सीनेशन वाले पालतू कुत्तों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। जिन लोगों के पास ऐसे कुत्ते हैं, उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं और उनके कुत्तों को पकड़ा जा रहा है। हाल ही में, इंदिरापुरम की आम्रपाली विलेज सोसाइटी में एक विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई उस कुत्ते के मामले में हुई जिसने एक महिला को लिफ्ट में काट लिया था। जांच में पता चला कि कुत्ते का रजिस्ट्रेशन नहीं था, जिसके बाद उसे जब्त कर लिया गया। बिना रजिस्ट्रेशन के कुत्ता रखने पर मालिक को नोटिस जारी कर एफआईआर भी दर्ज की गई है।





मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. आशीष त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्रवाई महापौर और नगर आयुक्त के निदेशों के तहत हो रही है। बिना रजिस्ट्रेशन वाले कुत्तों की कई शिकायतें मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज ने जानकारी दी कि नगर निगम एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर पर तेजी से काम कर रहा है। अभी रोजाना कुत्तों की नसबंदी की जा रही है, और आने वाले कुछ महीनों में यह संख्या बढ़कर प्रतिदिन 100 से ज्यादा हो जाएगी। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, अपने कुत्तों का रजिस्ट्रेशन करवाएं और यह सुनिश्चित करें कि उनके पालतू जानवरों से पड़ोसियों को कोई परेशानी न हो।

# गाजियाबाद के लोनी में मकान निर्माण को लेकर हुई मारपीट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। दरअसल, ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी में मंगलवार देर शाम को मकान बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली ईंटें सड़क पर डाल दी थीं। जिसे लेकर दूसरे पक्ष ने विरोध जताया था। देखते ही देखते बात बढ़ गई और दोनों पर एक दूसरे पर हमला करने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार, पूजा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति अपना मकान बना रहा था और उसने ईंटों को रास्ते पर रख दिया था। इस बात को लेकर उसके पड़ोसी ने विरोध किया। पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई, फिर मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस मारपीट में कई घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है।

# दिल्ली-एनसीआर में नदियों का जलस्तर बढ़ा

## ओखला बैराज से 79 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर में यमुना व हिंडन नदियों का जलस्तर लगातार निगरानी में है। ताजेवाला से बुधवार सुबह 30,873 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। ओखला बैराज पर पानी का बहाव 79,840 क्यूसेक दर्ज किया गया है। यहां खतरे का स्तर 200.60 मीटर है, जबकि मौजूदा अपस्ट्रीम 198.70 मीटर और डाउनस्ट्रीम 198.40 मीटर मापा गया। सुबह 6 बजे तक 2 मिमी वर्षा भी दर्ज की गई। बता दें कि इस बैराज से अब तक का सर्वाधिक 3.72 लाख क्यूसेक पानी 15 जुलाई 2023 को छोड़ा गया था। वहीं गाज़ियाबाद स्थित हिंडन बैराज पर स्थिति सामान्य है। यहां अपस्ट्रीम 202.50 मीटर और डाउनस्ट्रीम 199.00 मीटर दर्ज किया गया, जबकि बहाव 2,620 क्यूसेक रहा। बारिश न के बराबर दर्ज की गई। प्रशासन के अनुसार फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन ओखला बैराज से तेज बहाव को देखते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



# होटल/सराय का पंजीकरण न कराने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

## अपंजीकृत होटल संचालक जा सकते हैं जेल : सिटी मजिस्ट्रेट



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद में संचालित हो रहे होटलों और सरायों पर जिला प्रशासन ने सख़्ती बरतनी शुरू कर दी है। सिटी मजिस्ट्रेट एवं नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय ने स्पष्ट किया है कि सराय अधिनियम नीति के अंतर्गत पंजीकरण न कराने वाले होटल/सराय/लॉज/मैरेज होम/ओयो संचालकों के खिलाफ अब कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 2,500 होटल व सराय संचालित हैं, जिनमें से केवल 356 ही पंजीकृत हैं। इनमें भी 200 होटल ऐसे हैं जिनकी फायर एनओसी समाप्त हो चुकी है और उन्हें नोटिस भेजे जा चुके हैं। वहीं 413 होटल संचालकों ने पंजीकरण हेतु आवेदन किया है, लेकिन आवश्यक विभागों से एनओसी अभी तक प्राप्त नहीं की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि किसी भी होटल या सराय को संचालन के लिए 06 विभागों से एनओसी लेना अनिवार्य है—पुलिस, फायर, पर्यटन, विद्युत, राजस्व, संबंधित नगर निकाय।

**निःशुल्क पंजीकरण सुविधा :** पंजीकरण का फार्म निःशुल्क वीआईपी बाबू, कलेक्ट्रेट परिसर से किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय पर प्राप्त किया जा सकता है। फार्म को वहीं जमा करना होगा। इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी अपंजीकृत होटल संचालकों को चेतावनी दी है कि शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित करें।

अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई के तहत होटल सीलिंग और जेल तक भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ऐसे अपंजीकृत होटलों के खिलाफ विशेष मुहिम चला रहा है।

# खोड़ा में रीना भाटी ने उठाए स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था पर सवाल

## पूर्व अध्यक्ष बोलीं: 'नगर में कूड़े के ढेर, टैंकर खराब पड़े'





**खोड़ा, करंट क्राइम।** पूर्व पालिका अध्यक्ष रीना भाटी ने खोड़ा मकनपुर नगर पालिका क्षेत्र का दौरा कर डंपिंग ग्राउंड और खराब पेयजल व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नगर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों और बदबू के कारण लोगों का जीवन दूभर हो गया है। खराब पड़े हैं पेयजल टैंकर और ट्रैक्टर : भाटी ने मौजूदा नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में खरीदे गए पेयजल आपूर्ति के 22 टैंकर आज खराब पड़े हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ढाई साल पहले आए ट्रैक्टरों पर अब तक नंबर प्लेट तक नहीं लगाई गई है। नागरिकों ने भी अपनी समस्या साझा करते हुए कहा कि 5000 लीटर की टंकियों में खारे पानी की सप्लाई हो रही है, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

**जलभराव से बढ़ी मुश्किलें :** रीना भाटी ने बताया कि वार्ड-1 और 2 में गलियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे रास्ते बंद हो गए हैं और लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे वे परेशान हैं। इस दौरान भाटी के साथ सभासद दल के नेता सतीश गुप्ता, वार्ड-3 के सभासद संजीव गिरी, सभासद राहुल राजोरिया, बिंदु वाल्मीकि, गजेंद्र नेगी और नागेंद्र चौहान भी मौजूद रहे।

# मायावती पर आपत्तिजनक टिप्पणी पुनीत सुपरस्टार पर एफआईआर




**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और बिग बॉस प्रतिभागी पुनीत सुपरस्टार पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि उन्होंने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को लेकर इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो में आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया।

पुनीत गाजियाबाद की डीएलएफ कॉलोनी के रहने वाले हैं और सोशल मीडिया पर अक्सर राष्ट्रीय नेताओं पर विवादित टिप्पणी करते रहे हैं।

- **एफआईआर दर्ज :** बसपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित और महानगर महासचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। निर्देश पर शालीमार गार्डन थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।
- **कार्यकर्ताओं का गुस्सा :** नरेंद्र मोहित ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के मान-सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। पंकज शर्मा ने आरोप लगाया कि पुनीत विवादित बयानबाजी कर केवल व्यूज और सुर्खियां पाना चाहता है।
- **पहले भी विवादित :** वीडियो कुछ समय पहले पुनीत ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को पापा-पापा कहकर संबोधित किया और उनसे मोबाइल फोन की मांग की थी। बाद में वीडियो हटा दिया गया।
- **पुलिस की कार्रवाई :** थाना प्रभारी शालीमार गार्डन ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जल्द पूछताछ होगी। तहरीर देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम सेन समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# परशुराम ब्राह्मण एकता मंच ने मनाया द्वितीय वार्षिकोत्सव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजयनगर सेक्टर-23 स्थित भगवान परशुराम मंदिर में श्री परशुराम ब्राह्मण एकता मंच के तत्वावधान में द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य संरक्षक डॉ. संजीव शर्मा के नेतृत्व में पूरे ब्राह्मण समाज ने उत्सव में भाग लिया। डॉ. शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार हैं, जिन्होंने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए शक्ति का सदुपयोग किया तथा शास्त्र और शस्त्र के अध्ययन के लिए पूरे विश्व का भ्रमण किया। उन्होंने उपस्थित जनों को आशीर्वाद भी दिया।

कार्यक्रम के संयोजक हरीश शर्मा और पीकू पंडित रहे। इस मौके पर जी.के. गॉड, सुभाष शर्मा, अजय शर्मा, उमेश पप्पू नगर, राजू चौधरी, मनोज चौधरी, आर.के. शर्मा, मनोज पंडित, राजू शर्मा, रामाश्रय शर्मा, राजू उर्फ दरोगा, नानक चंद शर्मा, अंबुज पंडित, आदित्य पंडित, अनिरुद्ध शर्मा, विष्णु दुबे, प्रदीप, विपिन गोयल, सुंदर चौधरी, राजा त्यागी, कुंवर पाल चौधरी, धीरेंद्र पंडित, गजेंद्र पंडित, मोनू पंडित, विष्णु पंडित, गौरव शर्मा, रघुराज शर्मा, वी.के. अग्रवाल, सुरेंद्र त्यागी, शिवकुमार शर्मा, श्रीराम तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, गौरीशंकर, हरपाल चौधरी और संदीप शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।